हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, शुक्रवार 22 अगस्त 2025

[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]





## खबर संक्षेप

### आज कलमबंद हड़ताल

**कुम्हारी।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन एवं नवनियुक्त अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ छत्तीसगढ़ (नगरीय निकाय) के आह्वान पर अपनी ग्यारह सूत्रीय मांगों को लेकर 22 अगस्त को एक दिवसीय कलमबंद आन्दोलन की घोषणा की है।

### भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल



**अंडा।** दुर्ग शहर विधायक गजेंद्र यादव के कैबिनेट मंत्री बनने से पुलगांव भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल है। उनके समर्थक लक्ष्मीकांत दुबे ( रज्जु ) ने अपने कार्यकर्ताओं एवं जनमानस को मुंह मीठा कराकर आतिशबाजी की। इस अवसर पर गोकुल साहू दिनेश यादव ,ओमप्रकाश देशमुख ,संदीप निषाद, मनोहर यादव ,राजेश साहू, भूपेंद्र साहू,सन्दीप निषाद एवं बड़ी संख्या में जनमानस उपस्थित थे।

### राष्ट्रीय गायन स्पर्धा में भाग लेने हैदराबाद जाएंगे सौरभ



**जामगांव आर।** छत्तीसगढ़ प्रादेशिक माहेश्वरी युवा संगठन द्वारा आयोजित आपणो उत्सव में प्रदेश स्तरीय सांस्कृतिक स्पर्धा धमतरी जिला माहेश्वरी युवा संगठन माहेश्वरी युवा संगठन अभनपुर ने रखी थी। जिसमें जामगांव आर के सौरभ राठी ने गायन में समूचे प्रांत में अव्वल स्थान प्राप्त किया। प्रांत स्तर पर विजय प्राप्त करने के बाद राष्ट्रीय स्तर पर गायन स्पर्धा में एकल गायन प्रतिभा का प्रदर्शन करने सौरभ राठी 23 अगस्त को हैदराबाद के लिए प्रस्थान करेंगे।

## निधन

### मुकेश कुमार साहू



**पाटन।** ग्राम अरसनारा निवासी मुकेश कुमार साहू 41 वर्ष का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 21 अगस्त को भांठापारा मुक्तिधाम में किया गया। वे सुखचैन साहू के पुत्र, चंद्रकुमार, गुलशन साहू,चंद्रशेखर साहू के भाई, लक्ष्मी साहू के पति और जयकिशन, पूनम साहू के पिता थे।

# राइजिंग पाइप में 23 जगहों पर लीकेज, 15 वॉल्व खराब

**अगले तीन महीने जूझना पड़ेगा जलसंकट से**

## दो बार शटडाउन की तैयारी, वैकल्पिक इंतजाम के अंतर्गत टैंकरों से होगी सप्लाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

शहर के 60 वार्डों की करीब 3 लाख आबादी को अगले तीन महीने भीषण पेयजल संकट से जूझना पड़ेगा। शहर में पेयजल सप्लाई व्यवस्था बिगड़े हालत की वजह से बड़ी समस्या सामने आई है। जानकारी के मुताबिक मुख्य राइजिंग पाइपलाइन सहित अन्य जगहों पर बड़े लीकेज हैं।

इसके अलावा शहर में 15 जगहों पर वॉल्व में खराबी आई है। इसे तत्काल बदलना होगा। मुख्य रूप से 11 और 24 एमएलडी फिल्टर प्लांट में सप्लाई व्यवस्था में दिक्कत सामने आई है। 42 एमएलडी के नए फिल्टर प्लांट से जुड़ी पाइपलाइन में भी लीकेज सामने आया है। इस वजह से पूरे शहर के पेयजल आपूर्ति प्रभावित होने की आशंका बनी हुई है। इसे लेकर निगम ने वैकल्पिक इंतजाम के तौर पर टैंकरों से सप्लाई की तैयारी की है। जानकारी के मुताबिक निगम ने गुरुवार से लीकेज संधारण का काम भी शुरू कर दिया है। गुरुवार को 11 एमएलडी फिल्टर प्लांट से जुड़ी पाइपलाइन का लीकेज मेंटेनेंस किया। इस वजह से शहर के बाजार क्षेत्र की पेयजल आपूर्ति प्रभावित रही।



### बोरसी, पोटिया, बघेरा, उरला, पुलगांव से जुड़ी पाइपलाइन में ज्यादा दिक्कत

निगम अधिकारियों के मुताबिक शहर के बोरसी, पोटिया, बघेरा, उरला और पुलगांव क्षेत्र में बनी पानी टंकी से जुड़ी पाइपलाइन में ज्यादा लीकेज हैं। इसके अलावा इंटकवेल से 24 एमएलडी फिल्टर प्लांट राइजिंग पाइप लाइन में बड़े लीकेज हैं। बोरसी में 5 जगह, पोटिया में वार्ड-53 सहित 12 जगह, बघेरा में तीन जगह, उरला में तीन जगह पर लीकेज हैं। इस प्रकार मालवीय नगर, शंकर नगर नाला से लगे क्षेत्र में राइजिंग पाइप में लीकेज है। शहर के 15 जगहों पर वाल्व खराब हो गए हैं। इस वजह से लाखों गैलन पानी रोजाना व्यर्थ बह रहा है।



### 300 करोड़ से ज्यादा खर्च के बाद भी पानी की बर्बादी

बता दें कि पिछले करीब 15 साल में निगम ने 300 करोड़ से ज्यादा की राशि शहर की पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को दुरुस्त करने में खर्च किए हैं। इसमें वृहद पेयजल योजना फेज-1 में 50 करोड़, फेज-2 में 100 करोड़, अमृत मिशन में 152 करोड़ रुपए की राशि खर्च की। वर्तमान में शहर विस्तार की वजह से अतिरिक्त पाइपलाइन बिछाने के नाम पर 20 करोड़ का और भी प्रोजेक्ट तैयार किया गया है, बहरहाल इसे शासन से मंजूरी नहीं मिली है। इधर पानी को लेकर शहर में संकट बरकरार है। पार्षदों की मानें तो निगम की लापरवाही की वजह से ये सारी दिक्कतें सामने आई है।

### लीकेज संधारण का काम शुरू, वॉल्व भी सुधारेंगे

लीकेज संधारण का काम शुरू कर दिया गया है। करीब 20 से ज्यादा जगहों पर बड़े लीकेज हैं। इसके अलावा 15 वाल्व खराब है। इन सभी कामों को पूरा होने में करीब तीन महीने का समय लगेगा। दोनों ही काम पर करीब 50 लाख रुपए खर्च होंगे। निविदा प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। कार्य एजेंसी ने काम भी शुरू कर दिया है।

-लीना दिनेश देवांगन,
प्रभारी जलकार्य नगर निगम दुर्ग

# मंत्री गजेन्द्र का कार्यकर्ताओं ने किया जगह-जगह स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुम्हारी

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मंत्री मंडल में शामिल युवा विधायक गजेन्द्र यादव के शपथ ग्रहण के बाद प्रथम गृह जिला आगमन पर स्टेशन चौक ओव्हर ब्रिज के नीचे आत्मीय स्वागत किया गया।

ढोल ताशे के साथ फटाखे फोड़कर भाजपा मंडल कुम्हारी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा अत्यंत उत्साह और जोश के साथ मंत्री गजेंद्र यादव का पुष्प मालाओं से हार्दिक अभिनंदन और स्वागत किया। मंत्री गजेन्द्र यादव ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद किया। इस अवसर पर अहिवारा के पूर्व विधायक सांवला राम डाहरे, कुम्हारी पालिकाध्यक्ष मीना वर्मा , वरिष्ठ भाजपा नेता राकेश पाण्डेय, रामाधार शर्मा, मनोज वर्मा, पी. एन. दुबे, प्रदेश भाजपा मंत्री जितेन्द्र वर्मा, खिलावन साहू, योगेश साहू , कुम्हारी मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र सिन्हा, रामकुमार सोनी, अवधेश शुक्ला, सांसद प्रतिनिधि मिथिलेश यादव, प्रवीण राव आदि मौजूद थे।

■ ढोल-ताशे के साथ पटाखे फोड़कर किया स्वागत

### गजेंद्र का पावर हाउस व अन्य जगहों पर स्वागत

**भिलाई।** मंत्री गजेंद्र यादव का पावर हाउस सहित शहर के अन्य जगहों पर स्वागत किया गया। इस अवसर पर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के इंद्रजीत सिंह, साजन, विशालदीप नायर, राहुल जेम्स सहित अन्य मौजूद थे।





दुर्ग-भिलाई के बीजेपी कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह मंत्री गजेंद्र यादव का स्वागत किया। पुलगांव भाजपा कार्यकर्ताओं में गोकुल साहू, दिनेश यादव, ओमप्रकाश देशमुख, संदीप निषाद, मनोहर यादव ने स्वागत किया।

भिलाई में अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन के नेतृत्व में अमित मिश्रा, तरुण सिंह, प्रशांत बंटी गुप्ता, विनोद देवांगन सहित अन्य ने स्वागत किया। भिलाई निगम के उप नेता प्रतिपक्ष दया सिंह ने भी उनका अभिवादन किया।



# दही हांडी स्पर्धा में युवाओं ने लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग



दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम डूमरडीह में आयोजित दही-हांडी महोत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर थे। चंद्राकर ने कहा कि दही हांडी लूट प्रतियोगिता में शामिल होने वाले प्रतिभागियों का हौसला बढ़ाया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से हमारी संस्कृति और परंपरा का संरक्षण होता है और युवाओं में उत्साह और जोश का संचार होता है। इस अवसर पर एकनाथ अनुपम साहू , शिवनारायण देशमुख, सोनू राजपूत, सतीश चंद्राकर, हूबी राम साहू, विक्की चंद्राकर, शिव ठाकुर, नरेन्द्र साहू, गौतम चंद्राकर, हर्ष चंदेल, पूर्वेश चक्रधारी और हेमंत चक्रधारी आदि मौजूद थे।

■ ऐसे आयोजनों से हमारी संस्कृति और परंपरा का संरक्षण होता है : ललित

### स्वच्छता जागरूकता लाने स्कूलों में बांटे डस्टबिन

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई जोन क्रमांक 4 शिवाजी नगर खुर्सीपार स्थित पंडित जवाहर लाल नेहरू उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में छात्र-छात्राओं में स्वच्छता के प्रति जन जागरूकता लाने एवं स्वच्छता में सहयोग देने आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के उपस्थिति में कार्यक्रम हुआ। जिसमें महापौर परिषद् सदस्य नेहा साहू, पार्षद उषा शर्मा एवं प्रदीप सेन उपस्थित रहे। नगर निगम भिलाई द्वारा शहर के सभी स्कूलों हेतु आई.डी.बी.आई बैंक के सी.एस.आर मद से डस्टबिन वितरण किया गया। डस्टबिन वितरण के दौरान आई.डी.बी.आई बैंक के मैनेजर एवं स्टॉफ उपस्थित रहे। निगम आयुक्त द्वारा बच्चों एवं शिक्षिकाओं को स्कूल परिसर, घरो एवं आस-पास क्षेत्रों में साफ-सफाई बनाए रखने हेतु अपील की गई। नगर निगम भिलाई का आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण में नंबर 1 आने हेतु सभी को प्रयास करने की जरूरत बताया।

### प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मनीष मिले केंद्रीय मंत्री अनुराग से

**भिलाई।** भारतीय जनता युवा मोर्चा छत्तीसगढ़ प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मनीष पाण्डेय ने गुरुवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर से भेंट की। अपने दिल्ली प्रवास के दौरान पाण्डेय ने ठाकुर से मुलाकात कर उनका अभिनंदन किया। युवाओं से जुड़े विभिन्न विषयों पर उनसे चर्चा की।



### भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष राहुल से आनन्द ने की मुलाक़ात

**नंदिनी अहिवारा।** भाजपा युवा मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष राहुल योगराज टिकरिया से मंगलवार को भिलाई जिला कार्यालय में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य आनन्द ताम्रकार ने सौजन्य मुलाक़ात की। मुलाक़ात के दौरान ताम्रकार ने उन्हें प्रदेश अध्यक्ष का दायित्व संभालने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। साथ ही संगठन की गतिविधियों, युवा मोर्चा की कार्ययोजना और कार्यकर्ताओं की सक्रियता पर विस्तृत चर्चा की। प्रदेश अध्यक्ष टिकरिया ने ताम्रकार के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं की ऊर्जा और मेहनत ही संगठन की वास्तविक ताक़त है। इस अवसर पर अभिनव ताम्रकार, लोकेश सेन्दरे, गैंद लाल जोशी उपस्थित थे।



### रजत जयंती कार्यक्रम में सम्मानित हुए ढालेश

**अंडा।** ग्राम रिसामा में छग राज्य स्थापना की रजत जयंती वर्ष के अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग, पुलिस विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा संयुक्त रूप से जागरूकता अभियान संचालित किया गया और विभागीय योजनाओं व उपलब्धियों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर जनपद सदस्य ढालेश साहू मुख्य रूप से शामिल हुए। जहां महिला एवं बाल विकास विभाग की परियोजना अधिकारी द्वारा ढालेश साहू का सम्मान भी किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में ग्राम के सरपंच रोशन साहू, पंचगण, शिक्षक-छात्र तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी–कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# शहीद वीर नारायण सिंह की प्रतिमा के साथ छेड़छाड़, आदिवासी समाज का अपमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग




छत्तीसगढ़ के गौरव, स्वतंत्रता संग्राम के अमर वीर योद्धा और हमारे पुरोधा शहीद वीर नारायण सिंह की दुर्ग में स्थापित प्रतिमा के शिलालेख पर असामाजिक तत्वों द्वारा कालिख पोतकर क्षति पहुंचाने का शर्मनाक कृत्य किया गया है। यह न केवल एक प्रतिमा पर हमला है, बल्कि हमारी सांस्कृतिक विरासत, स्वतंत्रता संग्राम की गौरवगाथा और छत्तीसगढ़ की अस्मिता पर कायराना प्रहार है।

अखिल भारतीय एससी, एसटी, ओबीसी संयुक्त मोर्चा, छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष इंजी. कौशल वर्मा, राष्ट्रीय सचिव अनिल मेश्राम, प्रदेश महासचिव पवन दिल्लीवार, युवा प्रदेश अध्यक्ष अजय साहू, दुर्ग जिला अध्यक्ष पोषण साहू, नारायण गंगबेर, विकास निषाद, रोहित गायगवालिन, राजेंद्र मारकण्डे, नंदलाल साहू, मोहन साहू, जीएल मंडावी, ऊषा ठाकुर, ऊषा मंडावी, और युवा प्रदेश टीम के नेतृत्व में इस घृणित कृत्य के खिलाफ एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन और हल्ला बोल कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान छत्तीसगढ़ शासन-प्रशासन को एक ज्ञापन सौंपकर दोषियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग की गई। शहीद वीर नारायण सिंह ने अपनी वीरता और बलिदान से छत्तीसगढ़ के गौरव को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया।

उनकी स्मृति को अपमानित करना हमारी सामूहिक चेतना पर प्रहार है। मोर्चा ने मांग की है कि दोषियों की तत्काल पहचान कर उनके खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

■ अभा एससी, एसटी, ओबीसी संयुक्त मोर्चा ने की कड़ी कार्रवाई की मांग

# संभागीय शिक्षा के नए जेडी हेमंत ने संभाला कार्यभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग



संभागीय शिक्षा दुर्ग के नए संयुक्त संचालक हेमंत उपाध्याय ने बुधवार को कार्यभार ग्रहण किया। वहीं तत्कालीन संयुक्त संचालक आरएल ठाकुर को बिदाई दी गई। उपाध्याय प्रभारी संयुक्त संचालक के पद पर सरगुजा में पदस्थ थे। वर्तमान संयुक्त संचालक ठाकुर अब लोक शिक्षण संचालनालय रायपुर में उप संचालक बनाए गए हैं। हेमंत उपाध्याय ने कार्यभार ग्रहण करने के बाद कार्यालयीन अधिकारियों व कर्मचारियों से यहां की कार्यों की जानकारी ली। इसके पहले भी उपाध्याय संभागीय शिक्षा कार्यालय में उप संचालक के पद पर रह चुके हैं। जिला शिक्षा अधिकारी दुर्ग के पद पर लंबी सेवाएं दे चुके हैं। दो बार इस पद पर यहां रहे। अविभाजित दुर्ग जिले के डीईओ पद भी संभाल चुके हैं। राजनांदगांव जिला शिक्षा अधिकारी भी रहे। वर्तमान दुर्ग संभाग के जो जिले आते हैं उनकी भौगोलिक स्थिति, शिक्षा की स्थिति, संसाधनों आदि से वाकिफ रहे हैं इसलिए दुर्ग संभाग की शिक्षा को नए आयाम देने में एक सशक्त अधिकारी साबित हो सकते हैं। जेडी उपाध्याय अनुशासनात्मक तेवर के लिए दुर्ग जिले में खासे चर्चित रहे हैं। लापरवाह शिक्षकों पर कारवाई और अच्छे शिक्षकों को प्रोत्साहित करना इनकी कार्यशैली में शामिल रहा है। इस दौरान उप संचालक एसएन स्वामी, उप संचालक केके शुक्ला आदि मौजूद थे।

■ तत्कालीन जेडी आरएल ठाकुर को दी विदाई

## विधायक प्रतिनिधि और एनएसयूआई मिले प्राचार्य से

# एडमिशन के दो महीने बाद भी प्रवेश और आई कार्ड उपलब्ध नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन



शासकीय चंदूलाल चंद्राकर स्नात्तकोत्तर महाविद्यालय पाटन मे एडमिशन के दो महीने बाद भी प्रवेश और आई कार्ड उपलब्ध नहीं है। कालेज के छात्र छात्राओं ने सोशल मिडिया में इस बाबत पोस्ट किया। जिसे पढ़कर विधायक प्रतिनिधि लीलाधर वर्मा और एन एस यु आई के अध्यक्ष युवराज साहू तुरंत प्राचार्य डॉ नंदा गुरवारा से मिलने कालेज पहुँचे। उन्हें बताया गया कि कालेज में दो महीने मे प्रवेश कार्ड, आई कार्ड प्राप्त नहीं हुआ है जिसके कारण विद्यार्थी ग्रंथालय से पुस्तक नहीं निकाल पा रहे है पुस्तकों के अभाव कोर्स से पिछड़ रहे है। युवराज साहू ने बताया कि पिछली बार प्राचार्य ने कहा था कि अतिरिक्त शिक्षकों की पूर्ति हेतु जनभागीदारी शुल्क 500 से बढ़ाकर 600 किया गया है। अब आरोप है कि छात्र छात्राओं से फीस वसूलने के पश्चात राशि का दुरूपयोग किया जा रहा है और नियम का हवाला देकर जनभागीदारी शिक्षकों की भर्ती नहीं किया गया है। स्ववीत्तीय मद से डीसीए और पीजीडीसीए की कक्षाये संचालित है लेकिन शिक्षकों की नियुक्ति नहीं होने से आज पर्यन्त कक्षाओं का अध्यापन प्रारम्भ नहीं हो पाया है। इस विषय पर प्राचार्य ने कुछ भी कहने से इंकार कर दिया। एनएसयूआई का आरोप है कि कालेज की व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। सायकल स्टैंड, कैंटीन, फ्री वाई फाई, सी सी टीवी कैमरा जैसे सुविधाओं का अभाव है। आई कार्ड के आभाव मे कालेज परिसर मे समाजिक तत्व के लोग बेधड़क घुमते रहते है जिनकी पहचान करना मुश्किल हो रहा है। इस अवसर पर महाविद्यालय ले विद्यार्थी और एनसयूआई के डेविड बघेल, इकेश वर्मा, करन वर्मा, पंकज यदु, विकास साहू, याशु देवांगन, निक्की वर्मा, शिवम् यादव, अहफ़ाज, बिटटू वर्मा,एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे।

विनम्र श्रद्धांजलि (तेरहवीं)



जन्म 30.08.1980
निधन 08.08.2025

स्व. श्रीमती शांति सिंह

मेरी धर्मपत्नि श्रीमती शांति सिंह का स्वर्गवास दिनांक 08.08.2025 को हो गया है।
अत: ईश्वर दिवंगत आत्मा को श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें ।। ओम शांति।।

स्थान : महाराणा प्रताप भवन सेक्टर-7 दिनांक : 22.08.2025 समय : दोपहर 12 बजे

शोक संतप्त परिवार : समस्त सिंह परिवार
विनीत : शशिकांत सिंह

हरिभूमि

# इस्पात भूमि

रायपुर, शुक्रवार, 22 अगस्त, 2025


तापमान

अधिकतम 29 डिग्री

न्यूनतम 25 डिग्री



10 राइजिंग पाइप में 23 जगहों पर लीकेज, 15 वॉल्व खराब




श्री शंकराचार्य कॉलेज ऑफ नर्सिंग
हुडको, भिलाई (छ.ग.)
(2005 से संचालित)
नर्सिंग
B.Sc(N)
M.Sc.(N) P.B.B.Sc.(N)
7489713804, 7869513804
For Online Admission
Visit : www.sscnbhilai.com


## खबर संक्षेप

### ट्रैफिक नियम तोड़ने वाले 319 लोगों पर कार्रवाई

**भिलाई।** नेशनल हाइवे और शहर की सड़कों पर रफ वाहन चलाने वालों, बिना हेलमेट और बिना सीट बेल्ट के गाड़ी चलाने वालों पर ट्रैफिक पुलिस ने बिना हेलमेट वाहन चलाते 62, बिना सीट बेल्ट के वाहन चलाने वाले 20, तीन सवारी दो पहिया वाहन चालकों के खिलाफ 35 और बिना रैश ड्राइविंग करने वाले 22 सहित कुल 319 लोगों के खिलाफ चालानी कार्रवाई कर 10440 रुपए का चालान काटा है।

### एनएचएच कर्मियों ने मांगें पूरी करने खून से लिखा पत्र

**भिलाई।** गुरुवार को छत्तीसगढ़ प्रदेश के स्वास्थ्य विभाग के 16 हजार कर्मचारियों का हड़ताल का चौथे दिन जारी रही। जिसमें स्वास्थ्य विभाग विभाग के एन एच एम कर्मचारी द्वारा मुखौटा पहनकर नुक्कड़ नाटक के द्वारा मोदी की गारंटी और छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा संविदा कर्मियों के लिए कहीं गई मांग को दिखाया गया । स्वास्थ्य विभाग के एन एच एम कर्मचारी द्वारा 5 एमएल खून निकलवा कर एनएचएम कर्मचारियों को नियमित करो सरकार लिखा गया। उनका कहना था कि सरकार जब शिक्षा विभाग को रेगुलर कर सकते हैं। तो एन एच एम को रेगुलर क्यों नही कर रहे हैं। सरकार को पत्र खून से लिखा । उनका कहना है कि जुलाई 2023 से 27 प्रतिशत मिलना था एन एच एम कर्मचारियों को पर वह भी अभी तक नहीं मिल पाया है। महिला स्टाफ अपने छोटे बच्चों को लेकर हड़ताल पर पहुंची थी। 22 अगस्त शुक्रवार को संविदा प्रथा की शव यात्रा दुर्ग शहर में निकाली जाएगी।

### धान में काई की समस्या वैज्ञानिकों ने की जांच

**दुर्ग।** अल्प वर्षा के कारण जिले की धान की फसल में काई की समस्या सामने आई है। इसे लेकर कृषि विज्ञान केन्द्र पाहंदा के वैज्ञानिकों ने खेतों में जांच की। वैज्ञानिकों के मुताबिक धान में काई की समस्या बहुतायत में बढ़ रही है। काई धान की खेती में आने वाली एक प्रमुख समस्या है, जिसके निदान के लिए एडवाइजरी भी जारी की गई। पानी भरे खेत में कंसे निकलने से पहले ही काई का जाल फैल जाता है, जिससे धान के पौधे तिरछे हो जाते हैं। इलाज के रूप में नीला थोथा (कॉपर सल्फेट) की 500-600 ग्राम मात्रा को अच्छे से पीस कर सूती कपड़े की पोटली बनाकर 5-6 स्थानों पर सामान दूरी में खेत में भरे पानी में रख दें, जिससे काई की पर्त फट जाती है।

जीवटता की पराकाष्ठा का इनाम : स्कूल शिक्षा विभाग में काम करने का मौका, बढ़ेगा जनाधार

# दुर्ग के गज की प्रदेश में धमक : प्रेम प्रकाश, हेमचंद के बाद गजेंद्र बने मंत्री, दो गुटों का विलय, बाकी इंतजार में



हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

शहर विधायक गजेंद्र यादव को मंत्री पद मिलना उनकी जीवटता की पराकाष्ठा का परिणाम माना जा रहा है। राजनीतिक हल्कों में उनके मंत्री बनने को लेकर खासी चर्चा है। अपने विरोधियों और आलोचकों के सारे समीकरण को फेल करते हुए उन्होंने मंत्री पद पाया है। राजनीतिक सूत्रों की मानें तो जिन तीन विधायकों को मंत्री बनाया गया, उनमें सबसे पहला नाम गजेंद्र का फाइनल था। आरएसएस पृष्ठ भूमि होने की वजह से उन्हें एडवॉन्टेज मिला, यह बात चर्चा में है, लेकिन उनके मंत्री बनने की कहनी कुछ और है। राजनीतिक विशेषज्ञों ने बताया कि पार्टी और शासन स्तर पर उनके नाम को लेकर बहुत अधिक विचार नहीं किया जा रहा था, लेकिन एक महिला नेत्री ने उनका नाम आगे बढ़ाया। उनकी सलाह पर गजेंद्र यादव चले। यहां तक उनके बुलावे स्थापित मंदिर में मनोकामना लेकर दर्शन को भी पहुंचे। गजेंद्र ने 20 से ज्यादा बार मुख्यमंत्री से मुलाकात की। इसके अलावा केंद्र और राज्य नेतृत्व को भरोसे में लिया। स्थानीय दिग्गज नेताओं से लगातार संपर्क बनाए रखा। सारे समीकरण फिट बैठते गए और गजेंद्र को मंत्री पद मिल गया। उनके मंत्री बनने के साथ ही एक नए गुट का उदय हो गया है। इसमें 70 प्रतिशत से ज्यादा नए और युवा चेहरे हैं। यादव समाज का एक बड़ा वर्ग उनके साथ आ गया है। हेमचंद यादव और सरोज पांडेय के समर्थक भी गजेंद्र यादव को बधाई देने के लिए सर्किट हाउस और बीजेपी कार्यालय पहुंचे। माना जा रहा है कि आने वाले समय में गजेंद्र यादव राज्य और केंद्र में एक बड़े चेहरा बनकर उभरेंगे। उनकी सफलता में सबसे बड़ी ताकत उनकी स्वच्छ और साफ-सुथरी छवि, मजबूत जनाधार को माना जा रहा है।



### गजेंद्र यादव के मंत्री बनने का ओबीसी और बिहार कनेक्शन

भाजपा ने दुर्ग शहर से विधायक गजेंद्र यादव को मंत्री बनाया है। उनकी पृष्ठभूमि संघ से जुड़ी है। वे प्रांत संघचालक बिसराराम यादव के बेटे हैं। मध्यप्रदेश में डॉ. मोहन यादव को मुख्यमंत्री बनाए जाने के बाद अब छत्तीसगढ़ में यादव समाज को प्रतिनिधित्व देकर भाजपा सीधे बिहार पर नजर गड़ाए है। भाजपा यादव मंत्री बनाने के साथ बिहार को वोटरों को अपने तरफ करना चाह रही है। बिहार की 2023 जातिगत गणना में यादवों की आबादी 14.26 प्रतिशत दर्ज की गई थी, इसलिए भाजपा चाहती है कि राष्ट्रीय स्तर पर यह संदेश जाए कि पार्टी यादव समाज को सत्ता में भागीदारी दे रही है। यही वजह है कि गजेंद्र यादव को साय मंत्रिमंडल में जोड़ा गया। पुराने दिग्गजों को दरकिनार कर नई पीढ़ी को मौका दिया गया है। भाजपा 2028 विधानसभा चुनाव को ध्यान में मास्टर प्लानिंग की है। माना जा रहा है कि मंत्रिमंडल में लाए गए नए चेहरों से आगामी चुनावों में बीजेपी को फायदा मिलेगा। गजेंद्र ने पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के कद्दावर नेता रहे मोतीलाल वोरा के बेटे अरुण वोरा को रिकॉर्ड 49,697 वोटों से हराया था।

### पढ़ाई ही प्राथमिकता, एससीआरटी पाठ्यक्रम लागू होंगे स्कूलों में, बदलेगी व्यवस्था

गजेंद्र यादव मंत्री बनने के बाद गुरुवार को वे दुर्ग पहुंचे। उनका कुम्हारी में सबसे पहले स्वागत हुआ। इसके बाद भिलाई-तीन, चरोदा, खुर्सीपार, पावर हाउस, घड़ी चौक सुपेला, नेहरूनगर, सर्टिक हाउस के पास स्वागत हुआ। वहां से वे शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए देर शाम बीजेपी कार्यालय पहुंचे। जहां पार्टी पदाधिकारियों और वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात की। मीडिया से चर्चा के दौरान उन्होंने कहा कि पढ़ाई ही उनकी पहली प्राथमिकता है। वे प्रदेश में एससीआरटी पाठ्यक्रम को लागू कराएंगे। निजी और सरकारी स्कूलों में एससीआरटी की किताबों से ही पढ़ाई होगी। उन्होंने प्रदेश के स्कूलों में पीएमश्री योजना के तहत बेहतर बनाने की बात कही। शिक्षकों से शिक्षकीय कार्य ही कराए जाने की बात कही। ग्रामोद्योग को लेकर उन्होंने लोकल फॉर वोकल की बात कही। महिलाओं को इससे जोड़ने के लिए प्रयास किए जाने की बात कही। गजेंद्र ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृहमंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष, राष्ट्रीय सह-संगठन महामंत्री शिवप्रकाश, प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन, अजय जामवाल, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, पवन साय सहित अन्य का आभार व्यक्त किया।

### शहर को मिला मंत्री, इधर मेयर, एमआईसी और भाजपा के कुछ नेता उज्जैन यात्रा पर

शहर विधायक गजेंद्र यादव को मंत्री बनाने के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। गुरुवार को पूरे शहर में जगह-जगह उनका स्वागत हुआ। इस बीच महापौर अल्का बाघमार, एमआईसी मेंबर और भाजपा के कुछ पदाधिकारी शहर से बाहर है। वे 18 अगस्त को बाइ बस उज्जैन में महाकालेश्वर और ओंकारेश्वर दर्शन को गए हुए हैं। उनके साथ निगम के निर्दलीय और कांग्रेसी पार्षद भी शामिल हैं। जानकारी के मुताबिक जो सदस्य इस समय यात्रा में बाहर हैं, उनमें एमआईसी मेंबर देवनारायण चंद्राकर, चंद्रशेखर चंद्राकर, निलेश अग्रवाल, सतीश साहू, सावित्री दमाहे, विद्यावती सिंह, नीरा खिचरिया, रंजिता पाटिल, लोकेश्वरी ठाकुर, देवनारायण तांडी, सुरिच उमरे, गोविंद देवांगन, ललिता ठाकुर, युवराज नेताम, बानी सोनी, सविता साहू, प्रकाश गीते सहित अन्य शामिल हैं।

## नाइट ड्यूटी करके घर लौटे युवक ने लगाई फांसी



हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

जामुल थाना अंतर्गत शिवपुरी वार्ड 16 कृष्णा चौक निवासी राजकुमार निर्मलकर (28 साल) ने अपने घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। जामुल पुलिस मर्ग कायम कर जांच कर रही है।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक राजकुमार शिवालिक कंपनी में काम करता था। बुधवार को उसकी नाइट ड्यूटी थी। नाइट ड्यूटी से गुरुवार सुबह वो घर आया और खाना खाकर सो गया। इसके बाद देर शाम वो अपने घर की पहली मंजिल पर बने कमरे में चला गया। नीचे पत्नी बच्चे और परिवार के लोग थे। खाना बन जाने के बाद पत्नी उसे खाना खाने के लिए बुलाने पहुंची तो कमरे का दरवाजा बंद था। काफी खटखटाने के बाद भी जब दरवाजा नहीं खुला तो पत्नी ने घरवालों को बुलाया। इसके बाद दरवाजा तोड़ा गया तो देखा कि वो दुपट्टे से फंदा बनाकर फांसी पर झूल गया है। परिजनो ने जामुल पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची। शव को नीचे उतारकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पीएम के लिए सुपेला अस्पताल भेजा गया है। पुलिस को मृतक के पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## युवक का अश्लील वीडियो वायरल कर आत्महत्या के लिए उकसाने वाला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

दुर्ग पुलिस ने युवक का अश्लील वीडियो बनाकर उसे वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने और युवक को आत्महत्या करने के लिए मजबूर करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। मामले में अन्य आरोपियों की पता तलाश जारी है।

पुलिस प्रवक्ता एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि मामला बीते जून महीने का है। 13 जून को अमर सिंह निवासी शांति नगर भिलाई ने वैशाली नगर थाने में अपने भाई हरविंदर सिंह की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिन ने मामले की जांच शुरू की। इसी दौरान उन्हें जीआरपी से जानकारी मिली की हरविंदर ने रेलवे ट्रैक के सामने कूदकर जान दे दी है। पुलिस ने मर्ग डायरी को जांच में लेकर मृतक हरविन्दर सिंह के भाई अमर सिंह का कथन लिया।

कथन में अमर ने बताया कि उसके भाई हरविन्दर के मोबाईल में पंजाब बार बार कोई फोन आ रहा था। वो उसका एक अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उससे पैसों की मांग कर रहा था। इसे लेकर हरविंदर काफी परेशान था। 12 जून 2025 को वो इसे लेकर काफी परेशान दिखा और बिना किसी को कुछ बताए घर से चला गया। अगले दिन 13 जून की सुबह भगत की कोठी एक्सप्रेस के सामने कूदकर उसने आत्महत्या कर ली। मामले की गंभीरता को देखते हुए वैशाली नगर पुलिस ने मामले की जांच शुरू की और पंजाब से आए मोबाइल नंबर की जांच कर एसएसपी दुर्ग के निर्देश पर एक टीम को पंजाब भेजा गया। वहां पुलिस की टीम ने आरोपी परमजीत सिंह को हिरासत में लेकर पूछताछ किया। पूछताछ में उसने अपना अपराध कबूल किया। पुलिस ने 17 अगस्त को आरोपी परमजीत सिंह पिता बलवीर सिंह (25 वर्ष) निवासी काठगढ़ से गिरफ्तार किया और पंजाब में न्यायालय के सामने पेश कर उसे रिमांड में लिया और फिर भिलाई लेकर आई। पुलिस का कहना है कि इस मामले में और भी आरोपी हैं। उनकी भी तलाश की जा रही है।





- पंजाब से आरोपी को गिरफ्तार कर लाई पुलिस, अन्य आरोपियों की तलाश जारी

## स्कूलों में जेडी का औचक निरीक्षण प्राचार्य व 3 व्याख्याता मिले गैरहाजिर

### वेतन काटने के दिए निर्देश, नोटिस भी भेजा

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग दुर्ग हेमंत उपाध्याय ने कार्यभार संभालने के गुरुवार दूसरे दिन ही सरकारी स्कूलों का औचक निरीक्षण प्रारंभ कर दिया। स्कूलों में एक प्राचार्य सहित 3 व्याख्याता अनुपस्थित मिले। इन्हें नोटिस भेजा जा रहा है और एक दिन का वेतन काटने के निर्देश भी दिए गए हैं। जेडी उपाध्याय दुर्ग संभाग के जो जिले आते हैं उनकी भौगोलिक स्थिति, शिक्षा की स्थिति, संसाधनों आदि से वाकिफ रहे हैं। अनुशासनात्मक तेवर , लापरवाह शिक्षकों पर कारवाई और अच्छे शिक्षकों को प्रोत्साहित करना इनकी कार्यशैली में शामिल रहा है।

### इन स्कूलों का किया औचक निरीक्षण

संयुक्त संचालक हेमंत उपाध्याय ने हाई स्कूल भेडसर, पीएमश्री स्वामी आत्मानंद विद्यालय नगपुरा, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलौदी, पूर्व माध्यमिक शाला चिखली का आकस्मिक निरीक्षण किया । हाई स्कूल भेडसर में प्राचार्य और तीन व्याख्याता अनुपस्थित पाए गए। प्राचार्य निहारिका श्रीवास्तव, कमल नारायण देवांगन व्याख्याता, श्रुतिः वैद्य व्याख्याता गैरहाजिर मिले हैं। छात्रों ने शिकायत की कि प्राचार्य आज दिनांक तक एक भी बार प्रार्थना में उपस्थित हुई है और न ही उनके द्वारा शिक्षण का कार्य किया जाता है। जिससे विद्यालय के अनुशासन एवं शैक्षणिक व्यवस्था के उपर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

### कक्षा में मोबाइल से बतियाते मिले शिक्षक

पीएमश्री स्वामी आत्मानंद जनता माध्यमिक विद्यालय नगपुरा में निरीक्षण किया गया एवं शिक्षण कार्य का अवलोकन किया गया। यहां कक्षा में शिक्षक मोबाईल रखे हुए मिले। प्राचार्य को निर्देशित किया गया कि ऐसी पुनरावृति नहीं होनी चाहिए। शिक्षक अध्यापन के दौरान किताब खोलकर पढ़ते हुए मिले। जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि शिक्षक पूर्व तैयारी को साथ कक्षा में जाएं और भाषा व विज्ञान विषय को छोड़कर बिना पुस्तकों अध्ययन कराए ।

### जिले के अधिकारियों को निरीक्षण की हिदायत

जेडी उपाध्याय ने दुर्ग संभाग के सभी जिलों में अधिकारियों को सरकारी स्कूलों का निरीक्षण करने की हिदायत दी। उन्होने जिला शिक्षा अधिकारी, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, सहायक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, संकुल प्राचार्यों व संकुल समन्वयकों को निरीक्षण हेतु निर्देशित।

### नोटिस व वेतन कटेगा

प्राचार्य भेड़सर के माह अगस्त का वेतन अवरुद्ध किया गया है। व्याख्याताओं का एक दिवस का वेतन काटा जाएगा। निर्धारित विद्यालयीन समय में उपस्थित न होने के कारण बताओ नोटिस भी जारी किया है।

**- हेमंत उपाध्याय,** जेडी शिक्षा संभाग दुर्ग


पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

9300663610, 7489348301



सस्ता सस्ता सस्ता
न्यु ओम ज्वेलर्स
शादी ब्याह में दुल्हनों के लिए एक से एक सुंदर वेरायटी के गहने उपलब्ध
जितने ग्राम सोना लेने पर उतने ही ग्राम की चांदी बिल्कुल फ्री
916 (22K), 833 (20K), 75 (18K) हॉलमार्क के गहने
अब बिल्कुल सस्ते दामों पर उपलब्ध
आज ही पधारें
सर्टिफाइड राशि रत्न उपलब्ध है
★ 100% गारंटी सोना, चांदी, हीरा
★ टोटल हाल मार्क जेवर
★ स्पेशल पर्स, बैग फ्री
★ रिपेयरिंग फ्री
शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग






## आपसी रंजिश के कारण एक की हत्या एक पर प्राणघातक हमला, उम्रकैद

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

- जिला एवं सत्र न्यायाधीश के विनोज कुजूर के न्यायालय से आया फैसला

छावनी थाना अंतर्गत साईं मंदिर हनुमान नगर में आपसी रंजिश के कारण 6 लोगों ने मिलकर एक युवक की हत्या कर दी। वहीं एक अन्य को बुरी तरह घायल कर दिया। मामले में जिला एवं सत्र न्यायाधीश के विनोज कुजूर ने पांच लोगों को दोषी मानते हुए आजीवन कारावास से दंडित किया। पुलिस ने इस मामले में एक अन्य सुपेला निवासी लोकेश पांडेय को भी आरोपी बनाया था। साक्ष्य के अभाव में कोर्ट ने उसे दोषमुक्त कर दिया। मामले में शासन के तरफ से पैरवी लोक अभियोजक एमके दिल्लीवार ने की।

प्रकरण के मुताबिक घटना 19 जून 2022 की रात करीब 12 की है। आरोपी सोना उर्फ जोस अब्राहम (22 वर्ष), टिप्पू उर्फ अमन भारती, निखिल साहू (19 वर्ष), भूपेंद्र साहू, पिंटू उर्फ प्रीतम सिंह, निखिल एंजल ने रंजिश सिंह की बेदम पिटाई की। उस पर बेस बल्ला और अन्य हथियारों से हमला किया गया। साथ ही रंजित के साथ शुभदीपक उर्फ बछड़ा सिंह पर भी प्राणघातक हमला किया गया। मामले में पुलिस ने लोकेश पांडेय को भी आरोपी बनाया। प्रकरण तैयार कर विचारण के लिए न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। जहां से लोकेश पांडेय को छोड़कर सभी आरोपियों पर दोष सिद्ध पाया गया।

आरोपियों को धारा 307 में 7 साल, एक हजार रुपए अर्थदंड से दंडित किया गया। राशि अदा नहीं करने पर छह माह अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। इसी प्रकार धारा 302 में आजीवन कारावास और 1 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया। राशि अदा नहीं करने पर छह माह की अतिरिक्त सजा भुगतानी होगी। दोनों सजाएं साथ में चलेंगी।


वालकिंस गंगा
स्किन | लेज़र | हेयर ट्रांसप्लांट | टैटू रिमूवल | बोटोक्स
FACIAL MEGA OFFER
4 से 31 अगस्त तक

| | MRP | Offer |
|---|---|---|
| QUEEN'S ROYAL FACIAL | 4000 | 1999/- |
| HYDRA FACIAL | 4500 | 2500/- |
| CARBON LASER FACIAL | 5500 | 3900/- |
| KOREAN SKIN GLOW FACIAL | 7500 | 4500/- |
| MESO FACIAL NEW | 8000 | 4900/- |

इस जन्माष्टमी पाएं कान्हा जैसी मोहक मुस्कान और निखार!
रायपुर शंकर नगर, रायपुर 92387-09001
दुर्ग पद्मनाभपुर, दुर्ग 78800-90220
डॉ. सुकृति अरोरा



अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
BHILAI | DHANORA
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• FITTER 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
REGISTRATION OPEN
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
कुरुद रोड कोहका, भिलाई, जिला - दुर्ग (छ.ग.)
89595-93949 • 89595-44444
अग्रसेन एजुकेशन कैम्पस, ग्राम-धनोरा, जिला - दुर्ग (छ.ग.)
89595-93934 • 89595-44444

हरिभूमि

रायपुर, शुक्रवार 22 अगस्त 2025

लाइव

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

7747020002, Message at - 9755819129




## लाइव इवेंट

## 80 प्लस 67 वरिष्ठजनों का हुआ सम्मान, छलके खुशी के आंसू



**भिलाई।** वरिष्ठ नागरिक महासंघ के तत्वावधान में गुरुवार को वैशाली नगर सियान सदन में विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस पर समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 80 वर्ष से अधिक उम्र के 67 वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान किया गया । सम्मान में श्रीफल, पुष्प, अंगवस्त्र भेंट की गई और दीर्घायु तिलक लगाकर आरती उतारी गई। सम्मान पाकर सभी बुजुर्गों के चेहरे पर प्रसन्नता झलक रही थी। अनेक बुजुर्गों की आंखें खुशी से भर आईं। समारोह की अध्यक्षता करते हुए महासंघ के अध्यक्ष घनश्याम कुमार देवांगन ने कहा कि समाज में हमारे बुजुर्ग अनुभव, ज्ञान, परंपरा और संस्कृति के संवाहक एवं मार्गदर्शक हैं। हमें उनका सम्मान करना चाहिए।

- हमारे बुजुर्ग अनुभव, ज्ञान, परंपरा, संस्कृति के संवाहक एवं मार्गदर्शक हैं : घनश्याम

नई पीढ़ी उनके व्यापक अनुभवों का लाभ उठाकर बेहतर भविष्य का निर्माण कर सकती है। उन्होंने कहा कि यह दिवस बुजुर्गों के योगदान एवं उपलब्धियों को सम्मानित करने, उनके अधिकारों की रक्षा करने और उनके कल्याण के लिए समाज में सकारात्मक वातावरण बनाने के उद्देश्य से मनाया जाता है। बुजुर्गों को केवल अतीत का हिस्सा नहीं, बल्कि नई पीढ़ी के वर्तमान और भविष्य के निर्माण का सूत्रधार मानना चाहिए। बुजुर्गों को केवल प्यार, अपनापन एवं सम्मान ही चाहिए। वृद्धावस्था को बोझ न मानकर जीवन का महत्वपूर्ण एवं गरिमामय सोपान समझा जाए। समाज एवं सरकार को चाहिए कि बुजुर्गों के स्वास्थ्य, आर्थिक सुरक्षा, सामाजिक सहभागिता एवं मान सम्मान की उचित व्यवस्था करे। बुजुर्गों को सम्मान, सुरक्षा और समान अधिकार दिए जाने पर बल दिया गया।

महासंघ के निवृत्तमान अध्यक्ष पुरुषोत्तम साहू ने संबोधन करते हुए बताया कि वरिष्ठ नागरिकों के लिए शासन की योजनाओं की भी जानकारी दी गई। इस अवसर पर वरिष्ठ नागरिक महासंघ के अध्यक्ष घनश्याम कुमार देवांगन, निवर्तमान अध्यक्ष पुरुषोत्तम साहू, उपाध्यक्ष बलबीर सिंह सहगल, महासचिव गजानंद साहू, कोषाध्यक्ष दिनेश गुप्ता, संयुक्त सचिव महेंद्र सोनवानी, दिनेश मिश्रा, हुकुमचंद देवांगन, डॉ कांतिलाल विश्वकर्मा, बाबूलाल साहू, दुलार दास साहू, फूलचंद साहू, सुरेश चंद्र जैन, रतनलाल गोयल, सुखी राम जांगड़े, शिवप्रसाद साहू, नामदेव मोरे, डीए करमकार, छाया विश्वकर्मा आदि सहित सियान सदनों के पदाधिकारी एवं वरिष्ठ नागरिक गण बड़ी संख्या में उपस्थित थे। संचालन गजानंद साहू एवं आभार प्रदर्शन दिनेश कुमार गुप्ता ने किया।

## सिटी इवेंट

## विद्यार्थियों ने जाना मत्स्यों की सामान्य बीमारी और उनके उपचार




**दुर्ग।** शासकीय वि. वायटीपीजी स्वशासी महाविद्यालय दुर्ग (छत्तीसगढ़) के प्राणीशास्त्र विभाग के एमएससी तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने शैक्षणिक उद्देश्य से विगतदिनों को दुर्ग जिले के अर्जुंदा स्थित मत्स्य फार्म का भ्रमण किया।

- विद्यार्थियों ने मत्स्य फार्म अर्जुंदा का किया शैक्षणिक भ्रमण

इस शैक्षणिक यात्रा का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को मत्स्य पालन की व्यवहारिक जानकारी प्रदान करना था। विद्यार्थियों को मत्स्य प्रजनन, पालन, आहार प्रबंधन, जल गुणवत्ता नियंत्रण तथा मत्स्यों की सामान्य बीमारियों और उनके उपचार के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। मत्स्य फार्म के प्रभारी अधिकारी एवं तकनीकी कर्मचारियों ने मत्स्य बीज उत्पादन की विभिन्न प्रक्रियाओं, हैचरी संचालन तथा विभिन्न प्रजातियों के मत्स्यों की पहचान संबंधी महत्वपूर्ण बिंदुओं पर मार्गदर्शन दिया। इस दौरान विद्यार्थियों ने लाबियो रोहिता, कटला कटला आदि प्रजातियों का प्रत्यक्ष अवलोकन किया और उनके पालन के लिए आवश्यक तकनीकी पहलुओं को समझा। भ्रमण के दौरान जल परीक्षण, आहार मिश्रण की तैयारी तथा मत्स्यों के स्वास्थ्य परीक्षण की व्यवहारिक विधियाँ भी प्रदर्शित की गईं। प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह ने बताया कि इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण से विद्यार्थियों को पुस्तकात्मक ज्ञान के साथ-साथ व्यवहारिक अनुभव भी प्राप्त होता है, जो भविष्य में उनके शोध एवं रोजगारोन्मुखी कौशल को विकसित करने में सहायक होगा। यह शैक्षणिक भ्रमण डॉ. अल्का मिश्रा एवं अनुराग मिश्रा के पर्यवेक्षण में संपन्न हुआ।

## डेयरी टेक्नोलॉजी और फिशरीज साइंस में प्रवेश के लिए टेस्ट 11 सितंबर को

**दुर्ग।** दाऊ वासुदेव चंद्राकर कामधेनु विवि दुर्ग अंतर्गत संचालित डेयरी साइंस एण्ड फूड टेक्नोलॉजी, रायपुर एवं स्व. पुनाराम निषाद मात्स्यिकी महाविद्यालय कवर्धा में शैक्षणिक सत्र 2025-26 में प्रवेश के लिए कॉमन एंट्रेस टेस्ट (सीईटी) आयोजित किया जाएगा। इस परीक्षा के माध्यम से एम टेक /एमएससी तथा एमएफएससी के पाठ्यक्रमों में प्रवेश दिया जाना है। ऑनलाइन पंजीयन की प्रक्रिया 4 सितम्बर तक चलेगी। प्रवेश परीक्षा 11 सितम्बर को प्रातः 11 बजे अंजोरा स्थित पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय अंजोरा परिसर में आयोजित की जावेगी। इस परीक्षा के संबंध में विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

### जन्माष्टमी के बाद आज मंदिरों व घरों में मनाया जाएगा छठी का पर्व

# कृष्ण छठी पर आज होगा लड्डू गोपाल का पंचामृत से स्नान गायेंगे सोहर गीत, हरिरा और कढ़ी चावल का लगेगा भोग

**भिलाई।** जन्माष्टमी के छ दिन बाद श्री कृष्ण का छठी उत्सव आज सभी राधा-कृष्ण मंदिरों में धूमधाम से मनाया जाएगा। भाद्रपद कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि पर आज कृष्ण छठी पर्व पर उत्सव के दौरान लड्डू गोपाल को पंचामृत से स्नान कराकर नए वस्त्र धारण कर कढ़ी-चावल एवं गुड़, मेवा बादाम आदि से बनाया गया स्वादिष्ट व्यंजन हरिरा का भोग कृष्ण व माता यशोदा को लगाया जाएगा। इस दौरान सोहर, लोकगीत व भजन आदि गाकर सभी जगह खुशियां मनाई जाएंगी।पंडितों के अनुसार चूंकि कृष्ण जन्माष्टमी 16 अगस्त को मनाया गया था, इसलिए इसके 6 दिन बाद भाद्रपद कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि 22 अगस्त को लड्डू गोपाल की छठी पूरे विधि-विधान से मनाई जाएगी।



### आज गुड़, मेवा, बादाम का लगेगा 56 भोग

कृष्ण जन्माष्टमी के बाद इस दिन षष्ठी माता की पूजा की जाती है। मान्यताओं के अनुसार इन्हें अधिष्ठात्री देवी के नाम से जाना जाता है, जिन्होंने अपनी कृपा से राजा प्रियव्रत के मृत पुत्र को पुनर्जीवित किया था। कृष्ण छठी के इस अनुष्ठान में बच्चे को नहलाना और उसे नए कपड़े पहनाया जाता है। षष्ठी माता की पूजा विधि-विधान से करना उत्सव का अभिन्न अंग है। उत्सव के दौरान कान्हा को कढ़ी-चावल एवं गुड़, मेवा बादाम आदि से बनाया गया स्वादिष्ट व्यंजन हरिरा (हरि-कृष्ण का भोग) बनाकर उसका भोग लड्डू गोपाल व माता यशोदा को लगाया जाएगा है।

### छठी पर करायेंगे सूर्य के दर्शन, मिलेगा उत्तम स्वास्थ्य

हिंदू धर्म में कृष्ण जन्माष्टमी के छ दिन बाद कृष्ण छठी का बहुत महत्व है। सनातन हिन्दू परिवारों में नवजात के जन्म के बाद प्रसूता को छ दिनों तक प्रसूति गृह में ही रखा जाता है। 6 दिनों पश्चात माता सूर्य की रोशनी में आती है। मां और नवजात शिशु को सूर्य की किरणों से उत्तम स्वास्थ्य लाभ मिलता है। ऐसा माना जाता है कि जिस तरह बच्चे की छठी उनके कल्याण के लिए मनाई जाती है, उसी तरह भगवान कृष्ण की छठी भी उनके आशीर्वाद और अच्छे स्वास्थ्य के लिए मनाई जाती है।

### श्रीकृष्ण छठी पूजा विधि का बताया महत्व, पहनाएं नए वस्त्र

पंडितो ने बताया कि श्रीकृष्ण छठी पूजन के लिए ब्रह्म मुहूर्त में उठकर स्नान आदि करें। चौकी पर लाल अथवा पीला कपड़ा बिछाकर प्रभु को विराजमान करें। अब लड्डू गोपाल का पंचामृत से स्नान कराकर प्रभु को नए वस्त्र पहनाएं। उन्हें रोली या पीले चंदन से तिलक करें। अब भगवान को फूल माला अर्पित करें और दीपक जलाकर आरती करें। इसके पश्चात गोपाल को माखन मिश्री के साथ कढ़ी चावल का भोग अर्पित करें। पूजा आरती के बाद प्रभु से जीवन में सुख-समृद्धि में वृद्धि के लिए कामना करने से घर में सुख-शांति का वास होता है।



### ब्रज मंडल में महिलाएं गाएंगी बधाई गीत



सेक्टर 6 ब्रजमंडल भिलाई के सचिव राजेश शर्मा ने बताया कि श्री राधा कृष्ण मंदिर में मंडल की महिला समिति द्वारा छठी उत्सव आज मनाने की तैयारी की जा रही है। जिसमें भगवान बालकृष्ण के विग्रह को चार बजे से विभिन्न पुष्पों से सुसज्जित झूले में विराजित किया जाएगा है। मंदिर परिसर को भी रंग-बिरंगे गुब्बारों से सजाया गया है। महिला श्रद्धालुओं द्वारा कृष्ण समर्पित भक्ति गीत, भजन और बधाई लोकगीत गाकर, नाचकर अपनी खुशीयों को व्यक्त करेंगी। इस अवसर पर छोटे बालक को भगवान श्री कृष्ण के रूप में सजा कर उनके माता-पिता के रूप में वासुदेव और यशोदा माता का रुप धारण कर सजीव, जीवंत झांकी द्वारा प्रदर्शित जाएगा।

### लड्डू गोपाल की छठी के दिन बने शुभ योग, पूजा करने से मनोकामनाएं होंगी पूरी

जन्माष्टमी के 6 दिन बाद भगवान बाल कृष्ण की छठी की रस्म मनाए जाने की परंपरा है। यानी भाद्रपद कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को बेहद शुभ संयोग बन रहे हैं। कान्हा की छठी के दिन चंद्रमा स्वराशि कर्क में रहेंगे और साथ ही गुरु पुष्य योग भी बना रहेगा। ऐसे में इस दिन श्रीकृष्ण की पूजा करने से आपकी मनोकामनाएं पूरी होंगी। साथ ही यह दिन योग-ध्यान करने के लिए भी बेहद शुभ माना जा रहा है, इस दिन ध्यान करने से आपको अलौकिक अनुभव प्राप्त हो सकते हैं। 22 अगस्त को छठी मनाने वालों के लिए अभिजीत मुहूर्त दोपहर 11.58 से 12.50 तक अत्यंत शुभ माना गया है। इन विलक्षण योगों के महासंयोग से भगवान कृष्ण की छठी करने से शीघ्र ही मनोकामनाएं पूरी होती हैं।



## सेवा व करुणा जीवन के असली मूल्य, विश्व मानवतावादी दिवस पर रखे अपने विचार

**दुर्ग।** शासकीय डॉ वा वा पाटणकर कन्या महाविद्यालय दुर्ग में यूथ रेडक्रॉस के तत्वावधान में विश्व मानवतावादी दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ रंजना श्रीवास्तव द्वारा मानवता को सबसे बड़ा धर्म बताया।

उन्होंने बताया कि मानवता दिवस हमें याद दिलाता है कि सेवा और करूणा जीवन के असली मूल्य है।यूथ रेडक्रॉस प्रभारी डॉ रेशमा लाकेश द्वारा विश्व मानवता दिवस मनाने के उद्देश्यों के बारे बताया कि यह दिवस मानवतावादी कार्यकर्ताओं को सम्मान देने और युद्ध, प्राकृतिक आपदाओं और मानवीय संकटों में सहायता प्रदान करने वाले लोगों को प्रोत्साहित करने के लिए मनाया जाता है। डॉ सीमा कालरा ने मानवतावादी दिवस मनाये जाने के इतिहास पर प्रकाश डाला और महाविद्यालय की छात्राओं को अवगत कराया कि यह दिवस 19 अगस्त 2003 को इराक की राजधानी बगदाद में संयुक्त राष्ट्र के मुख्यालय पर हुए आंतकवादी हमले में हताहत हुए लोगों को याद करने और सम्मान देने के लिए मनाया जाता है। जिन्होंने मानवता की सेवा में कार्य करते हुए अपने प्राणों का बलिदान दिया। श्रद्धा द्वारा मानवतावादी दृष्टिकोण और मनोविज्ञान के मध्य संबंधों पर चर्चा की। उन्होंने बताया सहयोग, दान, परोपकार जैसे व्यवहार मनोवैज्ञानिक दृष्टि से ही उत्पन्न होते हैं। डॉ तोषिना तेलंग, डॉ अनामिका वस्त्रकार और महाविद्यालय की छात्राएं उपस्थित रहीं। संचालन और आभार तब्बसुम अली द्वारा किया गया।



## बीएसपी ने मचांदूर शासकीय उच्चतर माध्यमिक को किया मंच हस्तांतरित



**भिलाई।** बीएसपी के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग द्वारा दुर्ग जिले के संकुल केन्द्र मचांदूर के शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय में नव-निर्मित स्कूल मंच का हस्तांतरण गुरुवार को आयोजित समारोह में किया गया। मुख्य अतिथि महाप्रबंधक शिवराजन ने उद्घाटन पट्टिका का अनावरण कर प्रधानाध्यापिका पूर्णिमा साहू को प्रमाणपत्र प्रदान कर इस मंच को विद्यालय को सौंपा। शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष पार्वती देवांगन, प्रधानाचार्य बीएन चौधरी, उप सरपंच दुष्यंत साहू, शासकीय प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाध्यापिका अंजू गोस्वामी, वरिष्ठ व्याख्याता रात्रे, उप महाप्रबंधक अपर्णा चंद्रा, उप प्रबंधक केके वर्मा उपस्थित थे। विद्यालय के बाल कैबिनेट के प्रधानमंत्री मास्टर कुलदीप ने मंच के उपयोगों को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक मिलिंद चंद्रा तथा धन्यवाद ज्ञापन प्रधानाध्यापिका पूर्णिमा साहू ने किया।

### तनाव प्रबंधन और आत्महत्या रोकथाम पर कार्यशाला

## असफलता के पीछे ही सफलता रहती है, बिना घबराए परिस्थितियों का सामना कर आगे बढ़े



कार्नर न्यूज

भिलाई। बदलते समय के साथ सभी आयु वर्गों में चिंता, डिप्रेशन और अकेलापन जैसी समस्या विकराल रुप ले रही है। जो की आये दिन आत्मघाती सिद्ध होती दिखाई दे रही है। इसी गंभीर विषय पर प्रमुख वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों से कहा कि विपरित परिस्थियों में युवा घबराएं नही, हर समस्या का समाधान आपसी विचारों के आदान-प्रदान से किया जा सकता है।



### रहे तनावमुक्त

तनाव प्रबंधन और आत्महत्या रोकथाम विषय पर कार्यशाला आयोजन श्री शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में किया गया। जिसमें मुख्यवक्ता अभिषेक मिश्रा मेडिकल कॉलेज की मनोचिकित्सक डॉ अनुसुमी भट्टाचार्य थी। उन्होंने अपने संबोधन में तनाव के विभिन्न प्रकार और उसकी प्रवृत्तियों की जानकारी दी।



### विद्यार्थी परिस्थितियों का करें सामना

उन्होंने कहा कि अगर समय रहते मानसिक रूप से मजबूत माहौल नहीं बनाया गया तो व्यक्तियों में आत्मघाती प्रवृतियां बढ़ जाती है और यह युवा वर्ग में ज्यादा दिखाई पड़ता है। अकेलापन, नींद न आना, ज्यादा स्क्रीन टाइम, चिड़चिड़ापन आदि इसकी पहचान है। मानसिक रूप से परेशान होने पर व्यक्ति की दिनचर्या में परिवर्तन होने लगता है। विधार्थियों को उन्होंने कहा कि असफलता के पीछे ही सफलता रहती है इसलिए बिना घबराए परिस्थितियों का सामना करें और बड़ों से मार्गदर्शन लें। इस अवसर पर कुलपति डॉ ए के झा ने कहा कि छोटी छोटी सी घटनाओं से विचलित न हों और अपना प्रयास जारी रखे सफलता मिलती है। परीक्षा के वक्त के तनाव से बचने नियमित रूप से पढ़ाई का समय निर्धारित करें। उन्होंने लगन और मेहनत तथा दृढ़ संकल्प से अपने करियर के प्रति गंभीर रहने को कहा। विश्वविद्यालय की कुलसचिव डॉ स्मिता सिलेट ने विद्यार्थियों के लिए अपनी दिनचर्या समय सारिणी बद्ध करने और एकाग्रता से कार्य करने को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने युवाओं में बढ़ रही आत्महत्या की प्रवृत्ति पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि आत्मविश्वास और हिम्मत से विपरीत परिस्थितियों का सामना करना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन डॉ स्नेह कुमार मेश्राम और आभार प्रदर्शन डॉ आयुष झा ने किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

## सिटी इवेंट

# योग नेचुरोपैथी के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने आदित्य सम्मानित




**भिलाई।** अखिल भारतीय प्रकृतिक चिकित्सा परिषद नई दिल्ली और छत्तीसगढ़ प्राकृतिक चिकित्सा परिषद रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में राम राज्य में निसर्गोपचार की भूमिका विषय पर संगोष्ठी व सम्मान समारोह का आयोजन रायपुर में आयोजित किया गया था। जिसमें मुख्य अतिथि मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ योग आयोग अध्यक्ष नारायण सिन्हा, विशिष्ट अतिथि डॉ. अवधेश मिश्र महासचिव अखिल भारतीय प्राकृतिक चिकित्सा परिषद दिल्ली, डॉ. प्राणेश गुरु गोस्वामी, डॉ. छगनलाल सोनवानी, डॉ. विवेक भारती, डॉ. उदयभान सिंग चौहान ने राष्ट्र पिता महात्मा गांधी के तैल चित्र में माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में देश प्रदेश से योग प्राकृतिक चिकित्सक उपस्थित रहे सभी ने योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा को गाँव- गाँव घर- घर पहुंचाने का संकल्प लिया जिसमें 100 से अधिक चिकित्सक सम्मानित हुए।

## सिटी लाइव

# संस्कृत भारतीय शिक्षा और संस्कृति की आधारशिला, दिया व्याख्यान



**भिलाई।** शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय दुर्ग के संस्कृत विभाग में रुसा योजना अंतर्गत व्याख्यान आयोजित किया गया। इस दौरान व्याख्यान कर्ता साहित्यकार डॉ. महेशचंद्र शर्मा, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह सहित विद्यार्थियों, शोधार्थियों और संकाय सदस्यों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन विभागाध्यक्ष प्रो. जनेंद्र कुमार दीवान ने संस्कृत भाषा में किया।

डॉ. शर्मा ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर केंद्रित संस्कृत साहित्य में भारतीय ज्ञान परंपरा विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि संस्कृत भारतीय शिक्षा और संस्कृति की आधारशिला है। अपने विचारों में उन्होंने रामायण, महाभारत, नीति, धर्म, करुणा और मानवता जैसे विषयों पर सुंदर उदाहरण प्रस्तुत करते हुए संस्कृत ग्रंथों में निहित नैतिक मूल्यों, सामाजिक चेतना और जीवन-दृष्टि की प्रासंगिकता स्पष्ट की। उन्होंने विशेष रूप से नारी शिक्षा और समाज में स्त्री की भूमिका पर भी जोर दिया। कार्यक्रम में अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. के. पद्मावती, ग्रंथपाल डॉ. विनोद कुमार अहिरवार, डॉ. अंशुमाला चंदनगर और हिन्दी विभाग के प्राध्यापक डॉ. अम्बरीष त्रिपाठी उपस्थित रहे। इस अवसर पर संस्कृत के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का सम्मान भी किया गया। बी.ए. अंतिम वर्ष में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले सतीश कुमार चंद्राकर को डॉ. शर्मा ने नकद पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया। साथ ही उन्होंने छात्रहित में महाविद्यालय की लाइब्रेरी को अपनी लिखित 40 पुस्तकों का दान भी किया। कार्यक्रम के अंत में आयोजित प्रश्नोत्तर सत्र में छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने प्रश्न पूछे।

## समाज इवेंट

# नवप्रवेशित विद्यार्थियों का किया उत्साहवर्धन, दी रंगारंग प्रस्तुति

**भिलाई।** भारती विश्वविद्यालय दुर्ग में दीक्षारंभ और नवप्रवेशित विद्यार्थियों के स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न विभागों के वरिष्ठ विद्यार्थियों द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया, जिसने नवप्रवेशित विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। क्विज़ प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया जिसके माध्यम से विद्यार्थियों की विषय संबंधी सामान्य ज्ञान, राज्य तथा देश से जुड़े प्रश्नों पर बौद्धिक क्षमता का विकास किया। इस अवसर पर




कुलाधिपति सुशील चंद्राकर, कुलपति डॉ बी एन तिवारी, कुलसचिव डॉ वीरेंद्र कुमार स्वर्णकार और छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ स्वाति पांडेय ने सहभागिता दी। सुशील चंद्राकर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा केवल डिग्री प्राप्त करने का साधन नहीं है, बल्कि यह जीवन के मूल्य, अनुशासन, जागरूकता और समाज के प्रति समर्पण का मार्ग है। उन्होंने प्रबंधन, शिक्षकों और विद्यार्थियों से कहा कि शिक्षा को केवल पुस्तकों तक सीमित न रखकर व्यवहारिक जीवन में भी उतारें। कुलपति डॉ बी एन तिवारी ने विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों और नवाचारपूर्ण पहल की चर्चा की, वहीं कुलसचिव डॉ. वीरेंद्र कुमार स्वर्णकार ने विद्यार्थियों को नई शिक्षा नीति और स्किल-बेस्ड लर्निंग की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। इसी क्रम में वरिष्ठ विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं और क्विज़ प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें राज्य एवं देश से संबंधित प्रश्नों के माध्यम से विद्यार्थियों की बौद्धिक क्षमता का विकास किया गया और विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। समारोह में डॉ अनिल दुबे, डॉ मानस रंजन होटा, रजनीश चंद्राकर, डॉ अभिराम ठाकुर, डॉ बलेंद्र सिंह, डॉ पीला कुमारी चंद्राकर, डॉ जया लक्ष्मी गांगुली, डॉ अंजलि वर्मा, डॉ बी एल सिन्हा, डॉ आर के तिवारी, डॉ डोमार सिंह ध्रुव, डॉ. सुरेंद्र कुमार चंदानी, डॉ. बीना सिंह तथा डॉ. घनश्याम दास साहू उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. नीतू श्रीवास्तव, डॉ. प्रगति बघेल, डॉ. हुल्लाश चौहान, डॉ. चंद्रिका अहिरवार और सरिता गुप्ता ने किया।

### रूंगटा यूनिवर्सिटी में मैनेजमेंट गुरु एन.रघुरामन का विशेष सेशन, स्टूडेंट्स को दिए बिजनेस से जुड़े टिप्स

# जिसने समय की कीमत समझा वहीं बनेगा असली लीडर, इसका सही उपयोग ही असली सफलता, वो लौटकर वापस नहीं आता

**भिलाई।** कॅरियर चुनते समय केवल पद या वेतन को ही आधार न बनाया जाए। सही कॅरियर वह होता है, जो व्यक्ति की जीवनशैली और मूल्यों से मेल खाता हो। हमेशा एक ऐसा काम चुनना चाहिए, जो लंबी अवधि तक संतोष और खुशी दे सके। यह बातें देश के प्रसिद्ध मैनेजमेंट गुरु एन. रघुरामन ने गुरुवार को भिलाई स्थित रूंगटा इंटरनेशनल स्किल्स यूनिवर्सिटी में एमबीए स्टूडेंट्स को विशेष व्याख्यान के दौरान कहीं। रघुरामन ने रोचक उदाहरण देते हुए कहा कि हमें केवल आरओआई (निवेश पर लाभ) ही नहीं देखना चाहिए, बल्कि समय पर मिला सही फल भी देखना जरूरी है। उन्होंने समझाया कि जीवन में समय का सही उपयोग ही असली सफलता है। पैसा तो फिर से कमाया जा सकता है, लेकिन समय लौटकर नहीं आता। इसलिए समय का निवेश सोच-समझकर करना चाहिए।



### सहभागिता से व्यावहारिक कौशल

सत्र के दौरान स्टूडेंट्स को केवल सुनने तक सीमित नहीं रखा गया बल्कि उन्हें समूह गतिविधियों, भूमिका-अभिनय और चिंतन अभ्यासों में भी शामिल किया गया। इससे छात्रों को कम्युनिकेशन, टाइम मैनेजमेंट और कॅरियर पाथ जैसी तुरंत सीखने और सुधारने वाली स्किल्स के बारे में भी जानने को मिला। इस विशेष आयोजन में स्कूल ऑफ मैनेजमेंट एंड कॉमर्स के डायरेक्टर डॉ. मनोज वर्गीस और एचओडी डॉ. सुशील पुनवतकर का अहम योगदान रहा।

### एमबीए स्टूडेंट्स को सिखाएंगे प्रबंधन



आम तौर पर रघुरामन आईआईएम और मैनेजमेंट के टॉप कॉलेजों में जाकर विशेष सेशन लेते हैं, लेकिन रूंगटा यूनिवर्सिटी में वे बीबीए और एमबीए स्टूडेंट्स के साथ भी सीधे जुड़ गए हैं। रूंगटा यूनिवर्सिटी के विशेष कोर्स में शामिल बीबीए ग्लोबल और बीबीए बिजनेस एनालिटिक्स के स्टूडेंट्स को वे रियल वल्ड प्रॉब्लम और उसका सॉल्यूशन समझा रहे हैं। इसके अलावा बीकॉम के नए कोर्स बैंकिंग एंड इंश्योरेंस फाइनैंशियल मैनेजमेंट के स्टूडेंट्स भी उनसे पढ़ रहे हैं। स्टूडेंट्स को सिर्फ किताबी ज्ञान नहीं मिलेगी, बल्कि उन्हें वास्तविक जीवन के अनुभवों के माध्यम से भी प्रबंधन की गहरी समझ मिलेगी।

### रघुरामन से क्या सीख रहे

संवेदनशील नेतृत्व- आज की कॉर्पोरेट दुनिया में सिर्फ टारगेट हासिल करना ही काफी नहीं है। एन. रघुरामन छात्रों को यह सिखाएंगे कि कैसे एक लीडर टीम की भावनाओं को समझे और भरोसा बनाए ताकि बढ़िया आउटपुट मिल सके। नैतिक निर्णय लेना - कॉलेज के स्टूडेंट्स अक्सर करियर की दौड़ में नैतिकता से समझौता कर बैठते हैं। उन्हें ईमानदारी और सफलता एक-दूसरे के विरोधी नहीं, बल्कि पूरक हो सकते हैं। वे स्टूडेंट्स को यह समझाएंगे कि एक प्रोफेशनल केवल कंपनी का कर्मचारी नहीं होता, बल्कि समाज का जिम्मेदार नागरिक भी होता है।

### सच्चा लीडर-डोंट रिएक्ट

स्टूडेंट्स को संबोधित करते हुए उन्होंने डोंट रिएक्ट- रि–एक्ट का सूत्र दिया। इसका अर्थ है कि बिना सोचे-समझे तुरंत प्रतिक्रिया देने की बजाय ठहरकर सोचें और स्थिति को अवसर में बदलने की कोशिश करें। रघुरामन ने छात्रों को फ्रॉग लीप रणनीति भी समझाई। इसका मतलब है, सही समय पर सही कदम उठाकर प्रतिस्पर्धा से आगे निकलना। उन्होंने बताया कि कभी-कभी एक साहसी और समय पर लिया गया कदम कॅरियर में बड़ा बदलाव ला सकता है। अपने व्याख्यान में उन्होंने ज्ञान चक्र की अवधारणा भी रखी। लगातार सीखते रहना, ज्ञान साझा करना और जानकारी को नए विचारों में बदलना। कहा कि, सच्चा लीडर वही है जिसमें उदारता, भावनात्मक समझदारी, ध्यान से सुनना और जरूरत पड़ने पर दूसरों की मदद स्वीकार करने की विनम्रता शामिल हो।

### तालपुरी बी ब्लॉक के ऑर्किड ग्राउंड में मैच

# फुटबॉल ट्रॉफी पर महानदी ने इंद्रावती को हराकर किया कब्जा, रोमांचक रहा मैच



**भिलाई।** तालपुरी बी ब्लॉक के ऑर्किड ग्राउंड में हुए श्री चतुर्भुज मेमोरियल फुटबॉल के फाइनल मैच में महानदी टीम ने ट्रॉफी पर कब्जा किया। अंडर 13 बालक वर्ग में पीली जर्सी में उतरी महानदी ने सफेद वर्दी में उतरी इंद्रावती को 1-0 के स्कोर से शिकस्त दी। इस संघर्षपूर्ण मैच के फर्स्ट हॉफ में महानदी एक गोल ही दाग पाई, जबकि इंद्रावती विरोधी टीम के किले को भेद नहीं पाई, जिसके कारण वह आसान से दिखने वाले लक्ष्य को हासिल न कर पाई। सेकंड हॉफ में कोई भी टीम गोल न बना सकी। फाइनल में खेल का जौहर दिखाने वाली विजेता और उप विजेता दोनों टीमों को श्री चतुर्भुज फाउंडेशन के संस्थापक अरुण श्रीवास्तव ने ट्रॉफी प्रदान की। यश प्रजापति की कप्तानी में उतरी महानदी के अन्य खिलाड़ियों में मोक्ष वर्मा, अथर्व गढ़ेवाल, नीतकर्ष गोंडनाले, भानुप्रताप सिंह, हर्ष, आदित्य सिंह, दर्श वर्मा, आरव गजभे, नैतिक खरे तथा आदि वर्मा शामिल थे, उधर अंशुमान पाढ़ी की कप्तानी में उतरी इंद्रावती टीम की ओर से विनय कुमार, अंश नवरंगे, तनिष्क सिंह, ए विहान नायडु, केएस करण कुमार, अमन राय, वेदार्थ पालवल्सा, रेयान सिंह, निमित रॉय और प्रियांश सिंह दक्ष ने मोर्चा संभाला था। अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल रेफरी आरडी साव की निगरानी में खेले गए इस मैच में हरीश बैतुले ने कोच की भूमिका निभाई, जबकि संदीप दास रेफरी एवं अमलदास व महेश विश्वकर्मा लाइन मैन बने थे। चैंपियन ट्रॉफी पर कब्जा करने के लिए दोनों टीमों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली। फाइनल मैच एक घंटे का हुआ, जिसे आधे-आधे घंटे के दो हॉफ में विभाजित किया गया। महानदी की ओर से आदि वर्मा ने मैच के 29वें मिनट में पहला गोल दाग कर अपनी टीम को बढ़त दिलाई, जो अंत तक बरकरार रही। सेकंड लीग मैच भी इन्हीं दो टीमों के बीच खेला गया। जिसमें महानदी ने 2-1 स्कोर से जीत दर्ज की। इस मैच में महानदी के अथर्व और आदि ने एक-एक गोल तो दूसरी तरफ इंद्रावती के तनिष्क ने सिर्फ एक ही गोल बनाया।




## खेलकूद

# कोलंबो में भारतीय टेनिस बॉल क्रिकेट संघ की पुरुष और महिला टीम करेगी प्रतिनिधित्व







**भिलाई।** एशिया टेनिस बॉल क्रिकेट संघ के तत्वावधान में श्रीलंका टेनिस बॉल क्रिकेट संघ द्वारा सेंकेड श्रीलंका टेनिस बॉल क्रिकेट ट्रॉफी 20 अगस्त से 24 अगस्त तक कोलंबो श्रीलंका में आयोजित किया गया है जिसमें भारतीय टेनिस बॉल क्रिकेट संघ की पुरुष और महिला टीम प्रतिनिधित्व कर रही है। चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ प्रदेश से पुरुष वर्ग में प्रभात निगम का चयन किया गया है और महिला वर्ग में सपना महानंद और मेघा देशमुख का चयन किया गया है। सभी खिलाड़ियों को दुर्ग जिला ओलंपिक संघ के सचिव बशीर अहमद खान और बीएसपी टेनिस बॉल क्रिकेट क्लब के सचिव वंश बहादुर सिंह, छत्तीसगढ़ प्रदेश टेनिस बॉल क्रिकेट संघ के सचिव आजाद अहमद खान, राधेश्याम, संतोष प्रसाद और कुदरत दास ने शुभकामनाएं दी है।



### रक्तदान शिविर रविवार 24 अगस्त को सुबह 9 से शाम 6 बजे तक आयोजित

## कार्नर न्यूज

# 70 से 80 प्रतिशत अपराधिक मामलों में नशाखोरी सबसे बड़ी समस्या नशा मुक्त रहने दिलाई शपथ, रक्तदान का विश्व रिकार्ड बनाने का लक्ष्य

**भिलाई।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के बघेरा स्थित आनंद सरोवर में संस्था की पूर्व मुख्य प्रशासिका राजयोगिनि दादी प्रकाशमणि की पुण्यतिथि का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विजय अग्रवाल एसएसपी दुर्ग दवरा श्रद्धांजलि देकर समाजिक सुरक्षा व साइबर अपराध की जानकारी दी गई। ब्रह्माकुमारी रूपाली बहन ने नशा मुक्त भारत अभियान के तहत उपस्थित लोगों को नशा मुक्त रहने की प्रतिज्ञा कराई।



### एक लाख यूनिट रक्तदान एकत्रित कर विश्व रिकार्ड बनाने का लक्ष्य है



दादी प्रकाशमणि के पुण्यतिथि को विश्व बंधुत्व दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। इस अवसर पर भारत और नेपाल में रक्तदान महाअभियान चलाकर गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड बनाया जाएगा। इन्हीं शिविरों की श्रृंखला में जिला चिकित्सालय दुर्ग में 24 अगस्त को सुबह 9 से 5 बजे तक विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। अभियान के अंतर्गत देशभर के छह हजार से अधिक सेवा केंद्रों से एक लाख यूनिट रक्तदान एकत्रित कर विश्व रिकार्ड बनाने का लक्ष्य है।

### रक्त दान का कोई विकल्प नही

ब्रह्माकुमारीज दुर्ग संचालिका रीटा बहन ने बताया कि रक्तदान शिविर का आयोजन भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय, इनरव्हीलक्लब व रोटरी क्लब के सहयोग से किया जा रहा है। यह शिविर न केवल रक्त की कमी को पूरा करेगा, बल्कि समाज में मानवता और बंधुत्व की भावना को भी सशक्त करेगा। उन्होंने बताया कि एक यूनिट रक्त तीन से चार लोगों की जान बचा सकता है। रक्त का कोई कृत्रिम विकल्प नहीं है। इसे केवल इंसान से इंसान को ही दिया जा सकता है। रक्तदान से शरीर में नया रक्त बनने की प्रक्रिया सक्रिय होती है, आयरन लेवल संतुलित रहता है और हृदय रोग का खतरा भी कम होता है। उन्होंने कहा कि रक्तदान केवल सामाजिक कर्तव्य नहीं, बल्कि यह मानवता की सबसे बड़ी सेवा है। दादी प्रकाशमणि की स्मृति में आयोजित इस शिविर में शामिल होकर सभी को जीवन बचाने के इस महायज्ञ का हिस्सा बनना चाहिए। उन्होंने कहा कि रक्तदान से शरीर को कोई नुकसान नहीं होता तथा रक्तदान से 24–48 घंटों के भीतर शरीर में नया रक्त बनने लगता है।

# बीएसपी में हजारों ठेका मजदूरों को नहीं मिल रहा न्यूनतम वेतन, भत्ता, बढ़ रहा है असंतोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सेल के सबसे बड़े संयंत्र भिलाई इस्पात संयंत्र में विपरीत परिस्थितियों में नियमित कर्मचारियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करने वाले हजारों ठेका मजदूरों को न्यूनतम वेतन और सुविधाओं के लिए तरसना पड़ रहा है। बोनस भी सभी मजदूरों को नहीं मिलता है। इससे उनमें असंतोष बढ़ रहा है। यूनियनों ने ठेका श्रमिकों की सुविधाओं और वेतन वृद्धि को लेकर बीएसपी प्रबंधन पर दबाव बढ़ाना शुरू कर दिया है। स्टील ठेका श्रमिक यूनियन इंटक ने बीएसपी प्रबंधन से श्रमिकों को एस-11 बीएसपी कर्मचारी के वेतन के बराबर न्यूनतम 26 हजार रुपए वेतन सहित बोनस व अन्य सुविधाएं जल्द प्रदान करने की मांग की है। उल्लेखनीय है कि बीएसपी में करीबन 25 हजार ठेका मजदूर काम करते हैं। लेकिन वेतन और सुविधाएं भी नहीं के बराबर हैं। बीएसपी के महाप्रबंधक औद्योगिक संबंध और ठेका प्रकोष्ठ जेएन ठाकुर और महाप्रबंधक विकास चंद्र से स्टील ठेका श्रमिक यूनियन इंटक के अध्यक्ष संजय साहू के साथ यूनियन के प्रतिनिधिमंडल ने चर्चा कर मजदूरों और निदेशक प्रभारी बीएसपी से मजदूरों को न्यूनतम 26 हजार रुपए वेतन व अन्य सुविधाएं जल्द प्रदान करने की मांग की । श्री साहू ने बताया कि ठेका श्रमिक उत्पादन और उत्पादकता में 70% का योगदान दे रहे हैं। श्रमिकों को 5% आवास भत्ता दिया जाए या बीएसपी के खाली आवास को आवंटित किया जाए। उन्हें संयंत्र के अंदर आने जाने के लिए दो गेटों से आने-जाने की और मोटरसाइकिल ले जाने की अनुमति प्रदान की जाए।

## स्टील ठेका श्रमिक यूनियन ने बीएसपी महाप्रबंधक के साथ की बैठक



### अनुभव के आधार पर काम

यूनियन ने कहा कि प्रबंधन से मांग की कि बीएसपी के सभी ठेका श्रमिकों का 20 लाख का दुर्घटना बीमा करने, ठेका श्रमिकों का सही उपस्थिति दर्ज होने एवं सही सीपीएफ डालने के लिए बायोमेट्रिक से उपस्थिति के साथ ठेका शुरू होने के 1 माह पूर्व मेडिकल किया जाए। साथ ही ठेके में आईटीआई और 12वीं सर्टिफिकेट की अनिवार्यता को खत्म कर अनुभव के आधार पर रखा जाए। ठेका कंपनी बदलने पर भी पहले से कार्य कर रहे ठेका श्रमिकों ही रखा जाए।

### अलाउंस व मिले इंसेंटिव

मजदूरों को रात्रि भत्ता प्रदान किया जाए एवं साइकिल भत्ता, कैंटीन भत्ता एवं हिट और डस्ट अलाउंस दिया जाए। वेतन पर्ची,लीव कार्ड और अंतिम भुगतान और छुट्टी की राशि दी जाए। साथ ही मंथली इंसेंटिव और नान फाइनेंशियल मोटिवेशन स्कीम के तहत गिफ्ट दिया जाए। बीएसपी स्कूलों में श्रमिकों के बच्चों के लिए 50% सीट आरक्षण मिले और बीएसपी के तहत एचएससीएल द्वारा किए जा रहे कार्य का आईआर क्लीयरेंस बीएसपी आईआरसीएलसी द्वारा किया जाए। महासचिव संजय साहू ने बताया कि सभी मांगों पर महाप्रबंध ने जल्द उच्च प्रबंधन से चर्चा कर निराकरण का आस्वासन दिया है। बैठक में यूनियन की ओर से सीपी वर्मा, दीनानाथ सिंहसार्वा, आर दिनेश, गुरुदेव साहू और सुरेश श्याम कुमार उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### इंदौर स्वच्छता मॉडल का अवलोकन करने मेयर व पार्षद रवाना

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई की पूरी टीम मध्यप्रदेश के इंदौर शहर के स्वच्छता मॉडल को देखने कार्यशाला में शामिल होंगे । जिसके लिए जनप्रतिनिधि और अधिकारियों के टीम ट्रेन से इंदौर के लिए रवाना हो चुकी है। भ्रमण का मुख्य उद्देश्य इंदौर मॉडल का अवलोकन कर अनुकरण करना है। जिससे आने वाले समय में भिलाई शहर का सर्वेक्षण में बेहतर स्थिति रहे और हमारा शहर 3 से 10 लाख वाले शहर में प्रथम स्थान रहे। इंदौर शहर के इस भ्रमण से शहर की विकास, व्यवस्था और साफ सफाई में और सुधार आएगी। भ्रमण में महापौर नीरज पाल, निगम आयुक्त राजीव कुमार पांडेय, महापौर परिषद सदस्य लक्ष्मीपति राजू, सीजू एंथोनी, संदीप निरंकारी, केशव चौबे, चंद्रशेखर गवई, एकांश बंछोर, आदित्य सिंह, साकेत चंद्राकर, मन्नान गफ्फार खान, नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा, उपनेता प्रतिपक्ष दया सिंह, जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे, कुलदीप गुप्ता, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली एवं जोन स्वास्थ्य अधिकारी शामिल रहे।

### सीसीडी में संविदा कर्मियों को सुरक्षा मित्र सम्मान



**भिलाई।** बीएसपी के कोक ओवन एवं कोल केमिकल विभाग में 50 संविदा कर्मचारियों को सुरक्षा मित्र सम्मान सम्मानित किया गया। इन संविदा कर्मियों ने कार्यस्थल पर सुरक्षा, हाउसकीपिंग, अनुशासन और कल्याण में योगदान दिया है। मुख्य अतिथि सीजीएम तुलाराम बेहरा थे। विजेताओं का चयन सुरक्षा प्रश्नोत्तरी, अग्निशामक यंत्र प्रयोग प्रतियोगिता और सुरक्षा गीत प्रतियोगिता के आधार पर किया गया। मुख्य अतिथि नेसेलम द्वारा निर्मित इस्पात उत्पादों से बने स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर विभाग के वरिष्ठ अधिकारी जे सिंह, एमएस नाइक व एसबी पाटिल भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का समन्वय महाप्रबंधक बीसी मंडल, सहायक महाप्रबंधक प्रशांत कुमार और प्रवीण शर्मा आदि का योगदान रहा। संचालन प्रदीप मेनन,आशुतोष प्रहान ने निभाया। राकेश कुमार व हेमराज के निर्देशन में सुरक्षा पर केंद्रित एक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में विभागों के अधिकारी, यूनियन प्रतिनिधि, नियमित एवं संविदा कर्मचारी शामिल हुए।

### रामनगर मुक्तिधाम में गीली लकड़ी से शव को जलाने में हो रही परेशानी

# दाह संस्कार के लिए 101 रुपए में लकड़ी जलाने के लिए लग रही 3 हजार की राल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

रामनगर मुक्तिधाम में शवों को सद्गति देने परिजनों को जूझना पड़ रहा है। उनकी भावनाएं भी आहत हो रही है। इसलिए कि संसार छोड़ने के बाद उनका अंतिम संस्कार भी ठीक से नहीं कर पा रहे। भिलाई निगम इस मुक्तिधाम में दाह संस्कार के लिए 101 रुपए में लकड़ी मुहैया करवाकर परिजनों के प्रति संवेदना जरूर दिखा रही है लेकिन दिक्कतों ने इसे औपचारिक ही कर दिया है। दुखी परिवार को बारिश में गीली लकड़ियां मिल रही है। परिजनों को ऐसी लकड़ियों को जलाने के लिए 3 हजार रुपए रॉल पर खर्च करने पड़ रहे हैं। इससे अंतिम संस्कार में समय भी ज्यादा लग रहा है। मृतकों के परिजनों को इस तरह की दिक्कतों का सामना करना इसलिए पड़ रहा है कि लकड़ी खुले में ही स्टॉक किया गया है। ऐसी कोई वैकल्पिक इंतजाम की जरूरत है कि लकड़ी सूखी रहे जिससे दाह क्रिया आसानी से किया जा सके।

### खुले में डंप होने से बारिश में लकड़ी हो रही गीली



### हर दिन हो रहे हैं 15 से ज्यादा अंतिम संस्कार

रामनगर मुक्तिधाम शहर के बीच में हैं। घनी आबादी वाले हिस्से में यह मुक्तिधाम है। सेक्टर एरिया में मुक्तिधाम की सुविधा नहीं होने की वजह से यहां के ज्यादातर शवों का अंतिम संस्कार यहीं होते हैं। इन दिनों मुक्तिधाम में हर रोज 15 से ज्यादा मृतकों का अंतिम संस्कार हो रहे हैं। यानी महीने में 450 शवों का अंतिम संस्कार हो रहे हैं। पिछले दो महीने से बारिश हो रही है और यहां पड़ी लकड़ियां यूं ही भींग रही है। एक महीने और बारिश का सीजन है। ऐसे में अंतिम संस्कार के लिए उपयोग के लिए आने वाली लकड़ियां सूखी रहे यह आवश्यक हो गया है।

### हाईटेक मुक्तिधाम अभी दूर की कौड़ी

रामनगर मुक्तिधाम को हाईटेक बनाने के लिए निगम ने मेसर्स चौहान स्टेट के प्रस्ताव को 28 मार्च 2025 के विशेष सम्मेलन में मंजूरी दी है लेकिन इस कार्य को अंजाम देने में समय लगेगा। इसलिए मृतकों के परिजन वर्तमान सुविधा को व्यवस्थित करने पर जोर दे रहे हैं। चौहान स्टेट द्वारा यहां शवदाह के निःशुल्क गोबर के कंडे उपलब्ध कराया जाएगा। जर्जर हॉल को तोड़कर मल्टीपरपस हॉल बनना है। हॉल में एलईडी स्क्रीन लगेगा जिसमें मृतक व्यक्ति का बॉयोग्राफी चलाई जाएगी। लॉन, चेयर, बाउंड्रीवॉल, टायलेट, यूरिनल जैसी सुविधाएं भी जुटाना है।

### एक शव की क्रिया में ही लग रहे हैं 10 किलो राल

रामनगर मुक्तिधाम में आए मृतक के परिजनों ने बताया कि इन दिनों एक शव का अंतिम संस्कार करने में कम से कम 10 किलो राल की जरूरत पड़ रही है। लकड़ियां इतनी गीली है कि पूरे अंतिम क्रिया तक राल का ही उपयोग हो रहा है। एक किलो राल बाजार में 300 रुपए प्रति किलो के भाव से खरीद कर लाते हैं। इस हिसाब से एक मृतक के अंतिम संस्कार में राल ही 3 हजार रुपए की खर्च हो रही है। एक मृतक के लिए निगम द्वारा 9 मन यानी 360 किलो लकड़ियां उपलब्ध करवाई जा रही है। जिसके लिए केवल 101 रुपए ही निगम ने शुल्क रखा है।

### यूरिनल व टॉयलेट की भी सुविधा नहीं

परिजनों ने बताया कि रामनगर मुक्तिधाम में यूरिनल और टॉयलेट जैसी बुनियादी सुविधाएं भी नहीं है। एक शव के अंतिम संस्कार में करीब तीन घंटे लगते हैं। इतने समय तक बड़ी संख्या में लोग रहते हैं। पूरे दिन अंतिम संस्कार होते रहते हैं। इस हिसाब से यहां हजारों लोग होते हैं। इस दौरान लोगों को यूरिन और टॉयलेट की जरूरत पड़ी तो उन्हे दिक्कतें उठानी पड़ती है।

### विद्युत शवदाह में रुचि नहीं परिजनों की

रामनगर मुक्तिधाम में आठ महीने पहले ही विद्युत शवदाह की सुविधा भी शुरू की गई है लेकिन ज्यादातर लोग अब भी पुराने पद्धति से ही दाह संस्कार कर रहे हैं। यानी लकड़ी और कंडे से ही शव जलाने की परंपरा निभा रहे हैं। विद्युत शवदाह का इस्तेमाल लावारिस शवों के लिए ही हो रहा है।

### करवाएंगे सूखी लकड़ी की व्यवस्था

“ रामनगर मुक्तिधाम में लकड़ी गीली न हो इसके लिए व्यवस्था बनाई जाएगी। जिससे अंतिम संस्कार के लिए कोई दिक्कत न हो। इस मुक्तिधाम को अत्याधुनिक सुविधाओं से लेस करने के लिए चौहान स्टेट की कार्ययोजना को भी हमने मंजूरी दे दी है।

**राजीव कुमार पांडेय,** आयुक्त निगम

# जेएलएन हास्पिटल में दवाई वितरण सुधारें



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात मजदूर संघ की बैठक सेक्टर 6 यूनियन कार्यालय में हुई। बैठक में बीएसपी के सेक्टर नौ हास्पिटल सहित चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं की समस्याओं पर चर्चा हुई। पदाधिकारियों ने अस्पातल में दवाई वितरण व्यवस्था जल्द सुधारने की मांग की।

■ भिलाई इस्पात मजदूर संघ की बैठक में मेडिकल समस्या के निदान की मांग

बैठक में मांग की गई कि अस्पताल और मेन मेडिकल पोस्ट में दवाईयां वितरण कराने के लिए कर्मचारियों को घंटों तक खड़े रहना पड़ रहा है जिससे कर्मचारियों में प्रबंधन के प्रति रोष है। इसके अलावा केज्युअल्टी में कुर्सियों और ट्रालियो की समस्या का भी निदान हो। तीन नई ईसीजी मशीन उपलब्ध कराया जाए, जिसमे दो मशीनो को कार्य में लिया जाये एवं एक अतिरिक्त मशीन उपलब्धता व मैनपॉवर जल्द बढ़ाने की मांग की गई। फार्मेसी, रेडियोलॉजी, नर्सिंग, ड्रेसिंग और अटेंडेंट की भर्ती शीघ्र किया जाए। ई- ओ में प्रोमोट हुए नर्सिंग सिस्टर को वार्ड इंचार्ज बनाया जाये । रेपलर बोर्ड में रेफर किए जाने वाले पेशेंट उनके अटेंडर का विलिंगनेस कनसिडर किया जाए। विभिन्न विभागों में विभाग प्रमुख के पद पर नियुक्त के कार्यो से उन्हें मुक्त किया जाए। संयंत्र भवन के हॉस्पिटल में एक्स रे मशीन को पुन चालू किया जाए। एव फार्मेसी को पुन चालू किया जाये ।बीएसपी कर्मियो के आश्रित रोगियों का दवाइयाँ रिपीट मेन मेडिकल में नहीं हो रहा है ।

### दो अटेंडरों की लगे ड्यूटी

यूनियन ने एमआरआई के दौरान डॉक्टर की उपस्थिति अनिवार्य कर वार्ड में भर्ती के दिन ए व बी शिफ्ट में दो अटेंडरों का ड्यूटी लगायी जाए। सेक्टर 1 अस्पताल में ड्रेसर की भी जल्द नियुक्ति हो । बैठक में महामंत्री चन्ना केश्वलू, उपाध्यक्ष आईपी मिश्रा सहित सुधीर गडेवाल,मृगेंद्र कुमार ,डिल्ली राव, शारदा गुप्ता,विनोद उपाध्याय, वशिष्ठ वर्मा, संतोष जगन्नाथ नाले,राजेश बघेल थे ।

## चिकित्सा कर्मचारी कल्याण संघ का 28 को प्रदेश स्तरीय सम्मेलन, विधायक रिकेश होंगे मुख्य अतिथि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



छत्तीसगढ़ कैशलेस चिकित्सा सेवा कर्मचारी कल्याण संघ के पदाधिकारियों ने वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन से भेंट कर सम्मेलन एवं अभिनंदन समारोह में शिरकत करने उन्हें आमंत्रित किया है। संघ के संरक्षक राकेश सिंह ने बताया कि छत्तीसगढ़ के 5 लाख कर्मचारी एवं उनके परिवार की प्रमुख मांग कैशलेश चिकित्सा सुविधा रही है।

संघ की इस मांग का समर्थन करते हुए विधान सभा में विधायक रिकेश सेन ने प्रश्न भी लगाया जिस पर स्वास्थ्य मंत्री द्वारा सकारात्मक जवाब देते हुए इसे जल्द से जल्द लागू करने का आश्वासन दिया गया। श्री सेन की अभिनव पहल से संघ ने आगामी सम्मेलन हेतु उन्हें मुख्य अतिथि के रूप में निमंत्रण दिया है। 28 अगस्त को होने वाले संघ के प्रदेश स्तरीय सम्मेलन में छत्तीसगढ़ के समस्त जिलों से लगभग 500 सदस्य और पदाधिकारी पहुंच रहे हैं।

छत्तीसगढ़ कैशलेस चिकित्सा सेवा कर्मचारी कल्याण संघ के द्वारा विधायक रिकेश सेन को मुख्य अतिथि, भाजपा भिलाई जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन के विशेष आतिथ्य में कर्मचारी सम्मेलन लोकांगन वैशाली नगर भिलाई में सुबह 9 बजे से 5 बजे शाम तक किया जा रहा है जिसकी तैयारियां जोर शोर से जारी है।

## बीएसपी में प्रबंधकीय सर्जरी, दो जीएम ने दिए इस्तीफे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र में उत्पादन और प्रबंधकीय कसावट लाने के लिए प्रशासनिक सर्जरी शुरू हो गई है। बीएसपी के नए डायरेक्टर इंचार्ज के पदभार संभालने के बाद वर्क्स और नान वर्क्स में वरिष्ठ अफसरों के तबादले का सिलसिला शुरू हो गया है। कई अधिकारियों के बीएसपी में अंतरविभागीय स्थानांतरण के साथ अन्य संयंत्रों में भी तबादला हुआ है। इससे वर्षो से एक ही यूनिट में जमे अफसरों में बेचैनी बढ़ गई है। सेल प्रबंधन द्वारा अन्य संयंत्रों में किए गए दो महाप्रबंधकों ने रिजाइन कर दिया है।

गौरतलब हो कि भिलाई इस्पात संयंत्र में पांच साल डायरेक्टर इंजार्ज रहे अनिर्बान दासगुप्ता दो माह पूर्व रिटायर हो चुके हैं। महीनेभर पूर्व बतौर डायरेक्टर इंचार्ज सीआर महापात्रा से सेल प्रबंधन को सेल के उत्पादन विस्तार से लेकर नई रेल एवं स्ट्रक्चर मिल के निर्माण और टाउनशिप की सहूलियत तक बड़े असाइमेंट्स को लेकर बड़ी अपेक्षाएं हैं। इसके लिए उन्हें एक अनुभवी और संजीदा टीम की जरूरत होगी। इसके लिए उन्हें सेल प्रबंधन ने फ्रीहैंड छोड़ दिया है। इस दौरान उच्च प्रबंधन द्वारा दो खेप में दस महाप्रबंधकों का अन्य इस्पात संयंत्रों और दर्जनभर अफसरों का बीएसपी में ही अन्य विभागों में ट्रांसफर किया जा चुका है। अन्य संयंत्रों में स्थानांतरित किए गए दो महाप्रबंधकों ने पारिवारिक व अनिवार्य कारण बताते हुए इस्तीफा दे दिया है। इनमें महाप्रबंधक (पीपीपी) से महाप्रबंधक आरएसएम (राउरकेला स्टील प्लांट) भेजे गए सप्तऋषि सेनगुप्ता और जीएम (वित्त बीएसपी) से जीएम बर्नपुर स्टली प्लांट स्थानांतरित राजेश नायर ने रिजाइन कर दिया है। बाकी अन्य सभी महाप्रबंधकों के रिलीविंग आर्डर जारी हो चुके हैं । स्थानांतरित महाप्रबंधकों में वीएमवी कृष्णा जीएम पीपीपी बीएसपी से जीएमआईएसपी इस्को स्टील प्लांट बर्नपुर, आरके मुखर्जी जीएम यूआरएम बीएसपी से जीएम आईएसपी, अशरफ सिद्दीकी जीएम हैवी मेंटेनेंस बीएसपी से जीएम हैवी मेंटेनेंस आरएसपी टाउनशिप, मनोज जैन जीएम पीपीपी बीएसपी से सीसी आरएसपी, सूरज सोनी जीएम एचआर बीएसपी से जीएम सीएमएल ( सेंट्रल माइंस आर्गेनाइजेशन) दिल्ली, ललित खन्ना जीएम फायनेंस बीएसपी से जीएम सीएमएल दिल्ली, एच शेखर जीएम एचआर बीएसपी से एचआर बोकारो स्टील प्लांट, पीपी प्रभाकर जीएम पर्चेस बीएसपी से जीएम सीएमएल दिल्ली और ललित जैन जीएमफायनेंस बीएसपी से जीएम सीएमएल दिल्ली शामिल हैं।

### राजनीतिक दलों से जुड़े लोगों पर गिर सकती है गाज

बीएसपी में तीसरी खेप में जल्द ही कुछ और अधिकारियों पर तबादले की गाज गिर सकती है। इनमें वर्क्स और नान वर्क्स में पांच या इससे अधिक साल से जमे और अपने असाइनमेंट व ड्यूटी में कोताही बरतने वाले अफसर बताए जा रहे हैं। उत्पादन, उत्पादकता और सेवाओं से जुड़े कुछ अधिकारियों की चर्चा है। राजनीतिक गतिविधियो में व्यस्त रहने वाले बड़े राजनीतिक दलों से जुड़े कई अधिकारी व कर्मचारी बीएसपी के हर नए मुखिया के नियुक्ति पर चर्चा में रहे हैं।

## एचटीसी को सर्वेश्रेष्ठ ट्रांसपोर्टर की उपाधि से किया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

अदाणी सीमेंट की नेशनल लॉजिस्टिक मीट 2025 अहमदाबाद गुजरात में आयोजित की गई। जिसमें हैवी ट्रांसपोर्ट कंपनी एचटीसी को छत्तीसगढ़ के सर्वश्रेष्ठ ट्रांसपोर्टर की उपाधि से सम्मानित किया गया। इस पर एसटीसी के चेयरमैन इंद्रजीत सिंह छोटू ने अदानी सीमेंट और उनकी टीम का आभार व्यक्त किया। अदानी सीमेंट के सीईओ विनोद बाहेती, सीएफआई राकेश तिवारी इस दौरान मौजूद थे। उनके द्वारा एचटीसी दलबीर सिंह एंड संस को यह सम्मान प्रदान किया गया।

### गुणवत्ता को परखने पहुंचे निगम के अधिकारी

# आयुक्त ने निर्माणाधीन पानी टंकी का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई के जोन क्रमांक 4 खुर्सीपार अंतर्गत निर्माणाधीन पानी टंकी, डोम शेड, सीमेंटीकरण रोड एवं इंडोर स्टेडियम का निरीक्षण आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने किया गया।

आयुक्त ने वार्ड 45 में निर्माणाधीन उच्च स्तरीय क्षमता वाले पानी टंकी का निरीक्षण किया। पानी टंकी के निर्माण से क्षेत्र के लगभग 5000 परिवारों को पानी की समस्या से निजात मिल जाएगा। साथ ही निचली बस्तीयों में कम प्रेशर के कारण पानी नहीं पहुंच पाता, उन्हे भी पर्याप्त पानी मिल सकेगा। समीपस्थ निर्माणाधीन डोम शेड का निरीक्षण कर निर्माण कार्य अविलंब पूर्ण करने निर्देशित किया गया है। आयुक्त ने श्रीराम चौंक समीपस्थ गली अंदर किए गए सीमेंटीकरण रोड का अवलोकन किया। सीसी रोड के निर्माण हो जाने से नागरिकों को सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी।



वार्ड 51 में पूर्व से निर्मित इंडोर स्टेडियम है, जिसका संधारण कार्य प्रगति पर है, उक्त स्टेडियम का निरीक्षण कर कार्य शीघ्र पूर्ण कराने निर्देशित किया गया है। सामने रिक्त स्थल में स्वीमिंग पुल निर्माण हेतु जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे से चर्चा की । निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता रवि सिन्हा, उप अभियंता चंद्रकांत साहू, सहायक राजस्व अधिकारी बालकृष्ण नायडू, जोन स्वास्थ्य अधिकारी हेमंत मांझी उपस्थित रहे।



